हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 6 नवंबर 2025





## मोहारा मेला में दिखी रौनक, पहुंचे हजारों



दोपहर से मेले का माहौल पूरे शबाब पर रहा। मेले में शहरी के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। दोपहर से ही आसपास के ग्रामीण इलाकों से पारंपरिक बाजे-गाजे के साथ मंडई, बैरग , ध्वज पताका लेकर ग्रामीण मेला स्थल पर पहुंचते रहे। जिससे मेला का माहौल और भी भव्य हो गया। पारंपरिक लोक नृत्य लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गया था। बड़ी संख्या में लोगों ने परिवार के साथ नदी के आसपास पिकनिक भी मनाया। मेले में सिफ जिले से ही नहीं, बल्कि अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने का क्रम बना हुआ है।

# आस्था की डुबकी...शिवनाथ नदी के तट पर अलसुबह उमड़ा भक्तों का सैलाब, स्नान बाद पूजा-अर्चना कर किया दीपदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर जिले में लगे ऐतिहासिक मोहारा मेला में इस बार भी भक्तों का सैलाब देखने को मिला। आस्था में सराबोर लोग अलसुबह से ही बड़ी संख्या में नदी के तट पर पहुंच गए थे। शाम होते-होते लोगों की संख्या हजारों के आंकड़ों में तब्दील हो गई। श्रद्धालुओं ने सुबह शिवनाथ नदी में स्नान कर पूजा-अर्चना की और फिर नदी में ही आस्था के दीप प्रज्जवलित किया। लोगों ने पूजा-अर्चना के बाद दिनभर मेले का लुत्फ उठाया।

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर अंचल में श्रद्धा भक्ति का माहौल रहा। इस मौके पर अलसुबह लोगों ने स्नान-ध्यान कर दान-पुण्य किया। वहीं तीन दिवसीय मोहारा मेला का आनंद भी उठाया। ऐतिहासिक मोहारा मेला का तीन दिवसीय आयोजन का आज बुधवार को दूसरा दिन था। आज सुबह से ही बड़ी संख्या में जिलेभर के लोग शिवनाथ नदी तट मोहारा पहुंचे, जहां सामूहिक रूप से स्नान-ध्यान कर आरती एवं नदी में दीपदान करने जुटे रहे। जिससे नदी तट का दृश्य मनमोहक बना रहा। लोग सपरिवार यहां पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई। तत्पश्चात मेले का आनंद उठाने व्यस्त रहे।



### मेले रोड में यातायात का दबाव

शहर के नंदई से लेकर मोहारा मेला स्थल एवं हरदी, सिंघोला तक सड़क पर यातायात का जबर्दस्त दबाव बना रहा। लोग पैदल सहित अपने-अपने साधनों से मेला स्थल पर पहुंचते रहे। देर शाम तक उक्त मार्ग में यातायात का दबाव और भी बढ़ गया। हालांकि मेले को देखते हुए पुलिस ने यहां से गुजरने वाले वाहनों को डायवर्ट कर दिया है। जिससे काफी हद तक मेले में पहुंचने वाले लोगों को राहत मिली। कल गुरुवार 6 नवंबर को मेले का तीसरा दिन होगा। इस दौरान भी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रहने की संभावना है।

**झूले से लेकर मिठाइयों का लुत्फ** : ज्ञात हो कि मेला स्थल पर इस वर्ष पहुंच मार्ग को व्यवस्थित किया गया है। वहीं लगभग 15 दिन पूर्व से ही झूले सहित अन्य व्यवसायियों ने अपनी-अपनी दुकान सजाने की तैयारियां शुरू कर दी थी । वहीं मेला स्थल पर अपनी अपनी दुकानों के लिए स्थान भी आरक्षित कर लिया था। लिहाजा मेला पहुंच मार्ग से लेकर मेला स्थल तक कपड़े, खिलौने, होटल, मिठाई, सब्जी भाजी सहित कई किस्म की पारंपरिक दुकानें सजी हुई है, जहां से लोग जमकर खरीदी भी करने जुटे रहे।

## सम्मेलन में उपराष्ट्रपति ने लखपति दीदी का किया सम्मान

# खात्मे की ओर नक्सलवाद, छत्तीसगढ़ शीघ्र बनेगा विकसित राज्यः उपराष्ट्रपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन आज शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे । इस दौरान उन्होंने उदयाचल मल्टी स्पेशलिटी आई केयर एवं रिसर्च सेंटर का लोकार्पण किया। वहीं शहर के स्टेट हाईस्कूल मैदान में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण को लेकर सराहना की।

शहर के स्टेट हाईस्कूल मैदान में आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन के अवसर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल रमेन डेका ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, जिले के प्रभारी मंत्री एवं स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, महापौर मधुसूदन यादव, पद्मश्री फुलबासन यादव उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि शुरूआत में छत्तीसगढ़ पिछड़ा हुआ क्षेत्र था, लेकिन आज पूरे देश के लिए बिजली उत्पादन करने वाला क्षेत्र बन गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का लगातार विकास हो रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के रजत जयंती समारोह में लखपति दीदी कार्यक्रम को लेकर कहा कि यह उत्सव महिला आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। यहां की महिलाएं चुनौतियों को अवसर में बदल रही है। उपराष्ट्रपति द्वारा पद्मश्री फुलबासन यादव का सम्मान किया गया। इस दौरान उपराष्ट्रपति ने महतारी वंदन योजना के तहत 21वीं किस्त और बस्तर की महिलाओं को नियद नेल्ला नार योजना की राशि जारी की।



### प्रदेश का हुआ चौमुखी विकासः सीएम साय

सीएम विष्णुदेव साय ने संबोधित करते हुए कहा कि यह सौभाग्य का दिन है । छत्तीसगढ़ पहले पिछड़े क्षेत्र में था । 15 वर्षों में प्रदेश का चौमुखी विकास हुआ । गांव-गांव तक सड़क निर्माण हुआ। भाजपा की वर्तमान सरकार के 22 महीने में ही 18 लाख प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत हुआ। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में बढ़ोतरी हुई। तेंदूपत्ता श्रमिक का प्रोत्साहन राशि बढ़ा, 30 हजार से अधिक लोगों को अयोध्या दर्शन कराए गए और प्रदेश में 7 लाख 82 हजार से अधिक लखपति दीदियां बनाई गई।

### 25 सालों में बदली छग की तस्वीरः विस अध्यक्ष

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति की उपस्थिति को लेकर आभार जताया । उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ने 25 साल में विकास की ऊंचाइयों को छुआ है। यहां खाद्यान्न सुरक्षा योजना, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा के क्षेत्र में काफी विकास हुआ। उन्होंने लखपति दीदी बनाने के पीछे पद्मश्री फुलबासन यादव और जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के कार्यों की सराहना की। महापौर मधुसूदन यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

### उपराष्ट्रपति ने की पूर्व सीएम डॉ. रमन के कार्यकाल की सराहना

उपराष्ट्रपति ने राज्य के समग्र विकास के लिए रमन सिंह के पूर्व कार्यकाल की सराहना की। वहीं उन्होंने प्रदेश सरकार की महतारी वंदन योजना को भी सराहा । उपराष्ट्रपति ने राजनांदगांव की महिलाओं की सराहना करते कहा कि यहां की महिलाएं राजनीतिक क्षेत्र में भी बढ़-चढ़कर सरपंच, पंच, जिला और जनपद का प्रतिनिधित्व कर रही है । वहीं नक्सल मुद्दे को लेकर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के प्रति जो प्रधानमंत्री, देश के गृहमंत्री, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में काम हो रहा हैं और हमारे जवानों के साहस के बल पर नक्सलवाद खात्मे की ओर है। उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए प्रधानमंत्री की सराहना की और पहली बार महिला क्रिकेट टीम को विश्व कप जीतकर इतिहास रचने को लेकर कहा कि यह साबित करता है कि महिलाएं लगातार आगे बढ़ रही है ।

### सीमित संसाधन में बड़ा बदलाव

राज्यपाल रमेन डेका ने उपराष्ट्रपति के इस कार्यक्रम में उपस्थित होने को गौरवशाली क्षण बताया। उन्होंने कहा कि हर जगह महिलाओं की सशक्त उपस्थिति है। सीमित संसाधन में सही दिशा मिले तो भी बड़ा बदलाव आ सकता है । उन्होंने कहा कि अगले 2 वर्ष में हर जिले में अधिक लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य सरकार का है । राज्यपाल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने सपनों को सीमित मत कीजिए, क्योंकि आज की लखपति दीदी कल की करोड़पति दीदी बन सकती है।

## जिले में चार खदान के लिए मंगाए गए आवेदन

# आज से आवेदन की प्रक्रिया, 13 को खुलेगा रेत खदान का टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य में भाजपा सरकार के आने के बाद पहली बार रेत खदानों की नीलामी की प्रक्रिया आगामी छह नवंबर से शुरू हो रही है। रेत खदानों के टेंडर की प्रक्रिया इलेक्ट्रॉनिक तरीके से किए जाने के चलते बोलीदार अभी से तैयारियों में जुट गए हैं। आगामी 12 नवंबर तक आवेदन दाखिल होने के उपरांत 13 नवंबर को रेत का टेंडर ओपन होगा। खनिज महकमे का कहना है कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से पूरी की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि जिले में सालों बाद रेत खदानों की नीलामी प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही निर्माण एजेंसियों को इस बात की उम्मीद है कि अब उन्हें सस्ते दामों पर रेत मिल जाएगी। जिले में एक भी स्वीकृत खदान नहीं होने के चलते लोगों को अभी धमतरी से महंगे दामों पर रेत खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा था। राज्य शासन ने जिले के राजनांदगांव ब्लॉक के धीरी, डोंगरगांव ब्लॉक के भोथली, कोटरासरार और अर्जुनी में रेत खदान की नीलामी की प्रक्रिया शुरू की है। सूत्रों ने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन तरीके से की जा रही है। आगामी छह नवंबर से 12 नवंबर तक बोलीदार एमएसटीसी पोर्टल के जरिये इस प्रक्रिया में भाग लेंगे। इसके उपरांत 13 नवंबर को कलेक्टर की अध्यक्षता में टेंडर ओपन किया जाएगा।



### पोर्टल में करना होगा रजिस्ट्रेशन, रखी शर्त

रेत खदानों की नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए बोलीदारों को एमएसटीसी पोर्टल में अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। सालभर के लिए पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए 1180 रुपए का शुल्क निर्धारित किया गया है। खदान में बोली लगाने के लिए दस हजार रुपए का शुल्क निर्धारित किया गया है। यह राशि वापसी योग्य नहीं होगी। इसके अलावा प्रति हेक्टेयर एक लाख रुपए बिडिंग चार्ज भी निर्धारित किया गया है।

### एक जिले में मिलेगी 1 खदान

राज्य शासन द्वारा जारी की गई अधिसूचना में उल्लेख किया गया है कि एक बोलीदार को एक जिले में सिर्फ एक खदान और प्रदेश में पांच खदान ही मिलेगी। यदि एक बोलीदार की लाटरी एक जिले में दो जगह निकलती है तो ऐसी स्थिति में उसे सिर्फ एक खदान ही अलार्ट की जाएगी।

### ठेकेदार हुए सक्रिय

रेत खदानों की नीलामी प्रक्रिया के शुरू होने के पहले ही ठेकेदार सक्रिय हो गए हैं। बताया जाता है कि पोर्टल के जरिये रजिस्ट्रेशन कराने की कवायद शुरू हो गई है। पोर्टल के जरिये एक आवेदक एक खदान के लिए अपने नाम से सिर्फ एक ही लॉटरी भर पाएगा।

### आज से आवेदन प्रक्रिया

रेत खदानों की नीलामी की प्रक्रिया आज छह नवंबर से शुरू हो रही है। इसकी तैयारियां जारी है। जिले में चार खदान के लिए आवेदन मंगाए गए हैं।

- भरत बंजारा, खनिज अधिकारी

## 6 दिसंबर तक ढ़ेरों शादियां

# देव उठे, अब शादियों का मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शादियों के सीजन में इस बार नवंबर से लेकर जुलाई तक शहर सहित जिलेभर में जमकर खरीदारी संभावित है। सोने-चांदी के गहनों, कपड़ों, इलेक्ट्रॉनिक सामान के साथ बर्तन, फर्नीचर, कैटरिंग, होटल, भवनों के किराये को मिलाकर सीजन में करोड़ों रुपए के कारोबार का अनुमान लगाया जा रहा है। लगातार हर सेक्टर का बाजार गुलजार है। दो माह के लिए तो होटल, मैरिज हॉल, भवन सभी बुक हो चुके हैं। इसी के साथ कैटरिंग और टेंट की भी बुकिंग हो गई है।

देवउठनी एकादशी के बाद से ही शादियों का सीजन प्रारंभ हो गया है। नवंबर और दिसंबर में शादियों के लिए जो मुहूर्त है, उसके लिए जहां खरीदारी चल रही है। वहीं इसके लिए सभी होटल, मैरिज हाल और भवन बुक हो गए हैं। अगले साल जनवरी में शादियों का कोई मुहूर्त नहीं है। इसके बाद फरवरी से जुलाई तक लगातार शादियां होगी।

### करोड़ों का कपड़ा बाजार

कपड़ा बाजार इस बार त्योहारी सीजन नवरात्रि से ही गुलजार है, जहां लोगों ने दीपावली के लिए खरीदारी की है। वहीं शादियों के लिए भी जमकर खरीदारी हो रही है। कपड़ा कारोबारियों का कहना है कि शादियों के लिए जमकर खरीदारी हो रही है।

### फर्नीचर-बर्तनों की खरीदी

शादियों के लिए फर्नीचर और बर्तनों की भी जमकर खरीदारी हो रही है। आज महंगे फर्नीचर का ज्यादा क्रेज चल रहा है। डिजाइनर फर्नीचरों की ज्यादा डिमांड है। पूरा का पूरा सेट डिजाइन करने का ऑर्डर भी दिया जा रहा है।

### होटल, कैटरर्स की भी चांदी

मुहूर्त के हिसाब से पहले से ही होटल, भवन सब बुक हो गए थे। टेंट और कैटरिंग कारोबारी सीजन में होटल, भवन, टेट कैटरिंग का अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है। वहीं बैंड, बाजा और घोड़ी भी किराए पर बुक हो चुकीं है।

### महंगे इलेक्ट्रॉनिक्स का क्रेज

शादियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक आइटमों की भी जमकर खरीदारी हो रही है। भाईसा इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक श्रेयांस भंसाली के मुताबिक इलेक्ट्रॉनिक्स में महंगे आइटमों का ज्यादा केज है, चाहे इसमें मोबाइल की बात हो, एसी, फ्रिज या फिर एलईडी टीवी की बात हो। हालांकि लोग अपने बजट के हिसाब से खरीदारी करते हैं, लेकिन महंगे आइटम अब गांव वाले भी खरीद रहे हैं। इस बार जीएसटी कम होने के कारण भी ज्यादा खरीदारी हो रही है।

### सोने की कीमत ज्यादा, खरीदी आधा

शादियों के लिए सोने और चांदी के गहनों की थोक में बिक्री होती है। सराफा कारोबारियों के मुताबिक जुलाई तक के सीजन में 500 करोड़ से ज्यादा का कारोबार पूरे प्रदेश में होगा। इस साल सोने और चांदी की कीमत आसमान पर चली गई है। सोना जहां सवा लाख के करीब है। वहीं चांदी के दाम डेढ़ लाख के करीब है। धनतेरस पर तो सोना एक लाख 32 हजार और चांदी के दाम पौने दो लाख तक चले गए थे। अब दाम कुछ कम होने पर जमकर खरीदारी हो रही है। दाम ज्यादा होने के कारण फर्क इतना है कि लोगों ने अपने बजट के हिसाब से खरीदारी कर रहे हैं।

# उपराष्ट्रपति का स्पीकर हाऊस में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन अपने राजनांदगांव प्रवास के दौरान स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचे। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का राज्यपाल रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की पत्नी श्रीमती वीणा सिंह ने आरती एवं तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन के सम्मान में विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में स्नेहिल भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सौरभ कोठारी, भावेश बैद, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रक की ठोकर से वाहन क्षतिग्रस्त, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लाईट का मरम्मत कार्य करते समय लापरवाही से भागती ट्रक ने टावर लोडर वाहन को ठोकर मार दिया। जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। जिसकी रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शहर में वीवीआईपी के आगमन को देखते हुए 4 नवंबर को सुबह लगभग 10 बजे पेण्ड्री क्षेत्र में स्ट्रीट लाईट का सुधार कार्य निगम कर्मचारी द्वारा किया जा रहा था। इसी दौरान नागपुर से रायपुर की ओर जा रही ट्रक के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाकर टावर लोडर वाहन को पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे वाहन का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

घटना की रिपोर्ट लालबाग थाना में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कार्तिक राजा
MS General Surgery
(Ex-Assistant Professor in Department of General Surgery in Shri Lakshmi Narayana Institute of Medical Science, Puducherry)
- दूरबीन द्वारा सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित्त की थैली का ऑपरेशन दूरबीन द्वारा
- दूरबीन द्वारा मुत्राश्य की पथरी का ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बीमारियों का ऑपरेशन
- अमाशय एवं अग्नाशय की बीमारियों का ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन

हाई टेक आईसीयू एवं सीसीयू
अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

आवश्यकता है
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!
जैन मोटर्स अधिकृत विक्रेता जॉन डियर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को निम्न पद हेतु अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेल्स मैनेजर | | 2. गंडई | 3 पद |
| 1. अंबागढ़ चौकी | 1 पद | 3. डोंगरगांव | 2 पद |
| 2. चिचोला | 1 पद | 4. छुरिया | 2 पद |
| सेल्समेन | | 5. अंबागढ़ चौकी | 4 पद |
| 1. खैरागढ़ | 5 पद | 6. मैकेनिक- गंडई | 1 पद |

इच्छुक उम्मीदवार बायोडाटा के साथ 9 नवंबर को साक्षात्कार हेतु उपस्थित होवें.
संपर्क स्थल : जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच - रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर के बाजू में, राजनांदगांव
9977184777, 8120006476, 9827953976

## खबर संक्षेप

### परिचय सम्मेलन में शामिल हुए युवा

**डोंगरगढ़।** नगर यादव समाज ने बुधवारी पारा स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में दिवाली मिलन समारोह एवं परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के सदस्य विवाह योग्य पुत्र-पुत्रियों के साथ शामिल हुए।



दिवाली की मिठास और उत्साह के साथ यह कार्यक्रम आपसी मिलन व पारिवारिक परिचय सम्मेलन का रूप ले लिया। समारोह में उपस्थित समाज के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ सदस्यों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व समिति प्रबंधक तुलाराम यादव ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि द्वापर युग में यादव समाज सर्वगुण संपन्न और समृद्ध था, परंतु महाभारत के पश्चात समाज को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आज समाज को पुनः संगठित होकर नशामुक्ति और शिक्षा के मार्ग पर आगे बढ़ना होगा। अंत में उपस्थित सदस्यों ने सामूहिक रूप से आगामी विवाह सम्मेलन की तैयारी आरंभ करने का निर्णय लिया।

### पुनः अध्यक्ष बने हीरालाल साहू

**पटेवा।** ग्राम के कर्मा भवन में परिक्षेत्र साहू समाज का चुनाव संपन्न हुआ। ग्राम के हीरालाल साहू अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष डोमार दास साहू इरईकला, दामिनी साहू इरईखुर्द, संगठन सचिव खेमलाल साहू दर्रा, धर्मावती साहू बोटेपार, सचिव चरण साहू पटेवा, कोषाध्यक्ष बुद्रूराम साहू इरईखुर्द बने है। वर्तमान में श्री साहू अध्यक्ष रहे है।



### रोपवे 6 से 25 तक बंद रहेगा

**डोंगरगढ़।** बम्लेश्वरी देवी के ऊपर मंदिर तक जाने वाला रोपवे कल 6 से आगामी 25 नवंबर तक अस्थाई रूप से बंद कर रहेगा। प्रबंधन समिति ने रोपवे के नियमित रखरखाव और तकनीकी जांच के लिए यह निर्णय लिया गया है। इस अवधि में श्रद्धालुओं को माता के दर्शन के लिए सीढ़ियों के मार्ग से ही चढ़ाई करनी होगी।

### मुहडबरी में चेकर टाइल्स का भूमिपूजन

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने ग्राम पंचायत मुहडबरी में चेकर टाइल्स का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर विकास कार्यों पर चर्चा की। विधायक ने इस अवसर पर कहा कि यह कार्य गांव में सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान राकेश वर्मा, प्रकाश वर्मा, आरती रिंकू महोबिया, तेजराम वर्मा, सुरजीत सिंह ठाकुर, कमलेश वर्मा, देवकांत यदु, फुदक वर्मा ग्रामीण उपस्थित थे।



### जीवन प्रमाण पत्र भरने 11 को शिविर

**डोंगरगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक द्वारा आगामी 11 नवंबर को 11 बजे रेलवे सामुदायिक भवन रेलवे कॉलोनी शिविर आयोजित किया गया है जिसमें राज्य एवं केंद्र सरकार के सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी जीवन प्रमाण पत्र भर सकते है। स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार सिंह ने पेंशनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों की मीटिंग लेकर फार्म भरने की जानकारी दी। संघ के अध्यक्ष हंसराज साहू, संरक्षक कंवलराम देवांगन, जेके जैन, डीपी शर्मा, हेमंत साहू, कुलदीप साहू, रामनाथ, काशी राम साहू ने लाइफ प्रमाण पत्र जमा करने की अपील की है।

### रेल हादसा दुःखद, जांच हो



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने बिलासपुर रेल हादसे पर दुःख जताया है। उन्होंने कहा कि यह घटना सरकार की लापरवाही और तंत्र की विफलता का जीवंत उदाहरण है। श्री लोधी ने कहा कि इस हादसे के लिए न केवल रेलवे प्रशासन, बल्कि रेल मंत्री को जवाब देना चाहिए। उन्होंने हादसे की उच्चस्तरीय जांच, दोषियों पर कार्रवाई और मृतकों के परिजनों को पर्याप्त मुआवजा और नौकरी देने की मांग की है।

### सेवानिवृत्त कर्मी को बिदाई

**अंबागढ़ चौकी।** एक ही जगह पर 41 सालों तक सेवा प्रदान करने के बाद सहायक राजस्व निरीक्षक दशरथ शर्मा शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। श्री शर्मा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में पदस्थ हुए थे। नियमित कर्मचारी के रूप कार्य करते हुए कार्यमुक्त हुए। निकाय के अधिकारी कर्मचारियों ने शनिवार को उन्हे सम्मानपूर्वक बिदाई दिया। बिदाई समारोहं नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान श्री शर्मा ने निकाय में किए गए कार्यो को स्मरण कर विकास में उनके योगदान को सराहा गया। नगर अध्यक्ष मानिकपुरी ने शर्मा को एक श्रेष्ठ कर्मवीर बताया। समारोह में सीएमओ विजय पांडेय, उपयंत्री योगेश्वर ठाकुर, तिलक यादव, जलील रब्बानी, सोफू जिलानी, लखनलाल सोरी, दयाशंकर खंडेलवाल, रामसाय पटेल आदि उपस्थित थे।

## निधन

### मणीबेन पटेल



**छुरिया।** शहर की सबसे वरिष्ठ महिला मणीबेन पटेल का 106 साल की आयु में निधन हो गया। वह व्यवसायी जसूभाई पटेल की माता और नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल की दादी थी। चार पीढ़ियों के परिजनों को देखने वाली श्रीमती पटेल का अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। मुक्तिधाम में आयोजित शोकसभा में संतवन सिंह भाटिया, संजय सिन्हा, रितेश जैन ने उनके निधन पर शोक संवेदना प्रगट किया। इस दौरान डॉ.सतीश आहुजा, रावजी भाई पटेल, सतीश पटेल, सुभाष यादव, संजीव गुप्ता, विजय पटेल, विनोद पटेल, विजय गुप्ता, तोरण वैष्णव, शिवा मिश्रा, कांता साहू, दिलेश्वर साहू, सीएमओ अजय सिंह, इंजीनियर अजय कुमार आदि मौजूद थे।

### तीजियाबाई निर्मलकर



**खड़गांव।** छत्तीसगढ़ जनमुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता ईश्वर निर्मलकर की माता तीजियाबाई निर्मलकर का 3 नवंबर को रात्रि 8.30 बजे निधन हो गया। वह कुछ समय से अस्वस्थ थी। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार छत्तीसगढ़ जनमुक्ति मोर्चा के सदस्यों और ग्रामीणों की उपस्थिति में

## पालिका की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

# नक्सल हिंसा से पीड़ित की दुकान बिना नोटिस के सील

## लग रहा भेदभाव करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

स्थानीय नगर पालिका अपनी कार्यप्रणाली को लेकर इन दिनों सुर्खियों में है। आरोप है कि पालिका प्रशासन प्रभावशाली लोगों पर मेहरबानी दिखा रहा है तो गरीबों के सख्त व्यवहार कर रहा है। नक्सल हिंसा से पीड़ित परिवारों के साथ किए जा रहे व्यवहार को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। हाल में किराया वसूली से जुड़ा मामला सामने आयो है जिससे नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र में लगे मोबाइल टावरों से करीब 20 लाख से अधिक का किराया वर्षों से बकाया है, किन्तु पालिका प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है। वहीं दूसरी ओर गरीब दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए उनकी दुकानों को सील किया जा रहा है। हाल में करबला चौक के नक्सल हिंसा से पीड़ित परिवार की दुकान को बिना नोटिस के सील कर दिया गया।



**सभी पर कार्रवाई**

सीएमओ खिलेंद्र भोई ने बताया कि राजस्व वसूली की कार्रवाई समान रूप से की जा रही है। उन्होंने बताया कि एक टावर से करीब दो लाख किराया वसूला गया है। बाकी टावरों के मालिकों को तीन नोटिस भेजा जा चुका है। एसडीएम से आगे की कार्रवाई के लिए अनुरोध किया गया है।

**अधिकारी ने भगाया**

करबला चौक में धीरेन्द्र साहू की दुकान है। उनका परिवार 2006 में नक्सली हिंसा की चपेट में आया था। घटना के बाद पुनर्वास योजना के तहत उन्हें यह दुकान जीवनयापन के लिए दिया गया था। नगर पालिका के अमले ने किराया बकाया होने का हवाला देते हुए दुकान सील कर दिया। धीरेन्द्र साहू ने बताया कि वह अगले कुछ दिनों में बकाया राशि जमा करने की मोहलत मांगने पालिका कार्यालय पहुंचे थे परंतु सीएमओ ने मिलने से इंकार करते हुए दफ्तर के बाहर निकाल दिया। धीरेन्द्र का आरोप है कि यह कार्रवाई बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के की गई है जो कानून और मानवीय संवेदना दोनों के खिलाफ है। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि सरकार ने दुकान दी थी ताकि उनके परिवार का भरण पोषण हो सके किन्तु पालिका ने बिना नोटिस दुकान सील कर दिया।

# खोद दिया एक साल पहले बनी सड़क



हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

करीब एक साल पहले करोड़ों रूपए खर्च सड़क का निर्माण किया गया है। अब इस सड़क को खोदकर गड्ढा बना दिया गया है। सड़क को खोद कर छोड़ने से दुर्घटना होने की आशंका बढ़ रही है। इस संबंध में पूछने पर विभाग के जिम्मेदार कुछ भी कहने से कतरा रहे हैं।

■ वजह बताने से परहेज कर रहे अधिकारी

जानकारी के अनुसार चार दिन पहले खडगांव, मुरारगोटा, पैंदूर, कोसमी और बिटेझर तक सड़क के एक तरफ लगभग बीस जगहों को खोद कर गड्ढा बना दिया गया है। जहां खुदाई की गई है वहां सांकेतिक बोर्ड भी नहीं लगाया गया है और न सड़क खोदने का कारण बताने कोई भी जिम्मेदार अधिकारी सामने आ रहा है। जबकि सड़क कार्य करते समय पर सांकेतक बोर्ड लगना अनिवार्य है।

**कही पर्दा डालने का प्रयास तो नहीं?**

जानकारी के अनुसार सड़क को खोद कर गड्ढा बनाया जा रहा है जिससे दुर्घटना होने की आशंका प्रबल हो रही है। मनीष विश्वकर्मा ने बताया कि सड़क निर्माण के समय ठेकेदार निर्माण में गड़बड़ी कर शासन को चूना लगाया गया था।अब बिना जानकारी के सड़क को खोदकर रिपेयरिंग के नाम पर शासन की राशि का दुरूपयोग किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदार और उच्च अधिकारियों की सांठगांठ से निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। सड़क पर गड्ढा खोदकर छोड़ देने से आमजनों को परेशानी हो रही है।

# कॉलेज के प्रथम सेमेस्टर के छात्रों का किया स्वागत



**जालबांधा।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में 4 नवम्बर को वरिष्ठ छात्रों ने प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता ने माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं राज्य गीत के सामूहिक गायन से किया गया। श्री गुप्ता ने विद्यार्थियों को ऐसे आयोजनों के माध्यम से आपसी सहयोग और आत्मविश्वास को बढ़ाने प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सीनियर विद्यार्थी केवल आदेश देने वाले नहीं होते, बल्कि उनके अनुभवों में विकास का मार्ग छुपा होता है। इसके पश्चात प्राध्यापक संजय देवांगन ने प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। उन्होंने छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को सहयोग और सामूहिकता की भावना से ऐसे आयोजन के लिए प्रेरित किया।

**सांस्कृतिक आयोजन**

स्वागत समारोह में रैंप वॉक और अंताक्षरी जैसे मनोरंजक आयोजन किया गया, जिसने विद्यार्थियों को अंत तक उत्साहित किया। विद्यार्थियों ने विविध नृत्य और गायन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ नवीन सिंह राजपूत, रविप्रकाश चतुर्वेदी, मासूम वर्मा, पूजा देवांगन, रितेश बंजारे, साधना देवांगन, नेमू साहू एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# समारोह में संस्कृति बचाने का आह्वान

**मुरमुंदा।** कंवर समाज ने दिवाली मिलन समारोह का आयोजन जटकन्हार में किया। कंवर समाज विकास समिति डोगरगढ़ एवं कंवर समाज जटकन्हार के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि बिन्दुलाल चन्द्रवंशी थे। अध्यक्षता महेशराम कंवर ने की। विशिष्ट अतिथि निलाम्बर चन्द्रवंशी, ठाकुरराम चन्द्रवंशी, वीरा चन्द्रवंशी, रामजी सिरदार, जगेसर सांग, दशरथ चन्द्रवंशी, वामनसिंह केवासे, प्रमोधदास सिरदार, महेंद्र कंवर, संतोष चन्द्रवंशी, अर्जुन चन्द्रवंशी, अजीत सहाड़ा, हरिला चन्द्रवंशी थी। इस मौके पर महासभा के अध्यक्ष बिन्दुलाल चन्द्रवंशी ने अपने उद्बोधन मे कंवर समाज की नियमावली, रीति-रिवाज, संस्कृति, पर्व पर प्रकाश डालते हुए महानायकों की गौरव गाथा का बखान करते हुए लोगों से शिक्षा एवं व्यवसाय के क्षेत्र मे बेहतर कार्य करने का आव्हान किया। इस अवसर पर शैलेन्द्र कंवर, चुम्मन कंवर, कीर्तन कंवर, बसंत चन्द्रवंशी, रामदास कंवर, शिवकुमार कंवर, संतोष कंवर, रवि चन्द्रवंशी, रजलाल, संजीव चन्द्रवंशी, प्रकाश कंवर, बंसोर चन्द्रवंशी, पवन चन्द्रवंशी, जगदीश कंवर, श्रवण कंवर, चंपा कंवर, फिरंता, तीरथ, तुकुराम, दयाल, दिनेश, पुरुषोत्तम, मनहरण हंसे, इतवारी कंवर, शंभू, रमेश, धनसिंह, नरसिंह, अग्नेयू, यशवंत, हरिश, शोभा, शेखर, सेवक, दुर्पती कंवर, मानबाई, गायत्री, देवकुमारी कंवर, प्रमिला, राधिका, पूर्णिमा, उषा, मिथिलेश्वरी, कीर्ति, सुल्ताना, गंगाबाई, जयश्री आदि मौजूद थे। संचालन भगतसिंह कंवर, धनुषराम कंवर ने किया।



# प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ ठेलकाडीह

गुरूकुल कोचिंग संस्थान रेंगाकठेरा में अतिथि व्याख्यान तथा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ग्रामोद्योग विभाग के सहायक संचालक अमित साहू, विशेष अतिथि सरपंच उनिता साहू, गणेश साहू एवं नवीन वर्मा थे। अतिथियों ने कक्षा 10 वीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। सरपंच श्रीमती साहू और शिक्षक श्री वर्मा की ओर से विद्यार्थियों को प्रतीक चिह्न भेंट किया गया। मुख्य अतिथि श्री साहू ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने मार्गदर्शन किया। उन्होंने लक्ष्य को गंभीरता से लेकर तैयारी करने प्रेरित किया। अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। संस्था के डायरेक्टर रूद्र प्रसाद सूर्यवानी की सराहना करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

**गणित में होनहारों के अंक 95 प्लस**

गुरूकुल कोचिंग के विद्यार्थियों ने 10 वीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया था। छात्रा डिकेश्वरी वर्मा ने 89.83 प्रतिशत अंक के साथ पहले स्थान पर रही। डिकेश्वरी को गणित में 96 अंक मिले थे। इसी तरह भूपेंद्र वर्मा दूसरे स्थान पर रहे। भूपेंद्र को गणित में 99 अंक हासिल हुए थे। खिलेश्वरी वर्मा ने 83.83 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान और गणित में 99 अंक प्राप्त किया था। इसके अलावा रवि देवांगन, हर्ष जंघेल, राहुल वर्मा का चयन प्रयास और एनएमएमएसई में हुआ है। प्रशांत देवांगन को प्रयास में सफलता मिली है। इस दौरारन डायरेक्टर रूद्रप्रसाद सूर्यवानी, शिक्षक वीरेंद्रसिंह राजपूत, उदित नारायण साहू, विधि साहू, प्रीति वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## शहर में गूंजा शबद कीर्तन, जनप्रतिनिधि भी हुए शामिल

# प्रकाश पर्व पर शहर में निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सिख समाज के प्रथम गुरू और सिख धर्म के संस्थापक गुरूनानक देव का 556 वां प्रकाश पर्व नगर में धूमधाम से मनाया गया। एक सप्ताह पहले से शहर में प्रभातफेरी का आयोजन किया जा रहा था। गुरूसिंह सभा के माध्यम से दरबार कीर्तन के बाद 4 नवंबर को गुरूद्वारा से भव्य शोभा यात्रा नगर कीर्तन के साथ निकाली गई। पंज प्यारे जनरल सिंह, अमनदीप सिंह, गुरूमीत सिंह, तरलोचन सिंह, हरमीत सिंह की अगुवाई में गुरू साहब सिंह के अखंड पाठ दरबार के साथ नगर कीर्तन का जत्था गुरूद्वारा से रेल्वे चौक, खंडुपारा, जय स्तभ चौक, गोल बाजार, जैन मंदिर, अस्पताल, बुधवारी पारा होते हुए पुनः गुरूद्वारा पहुंचा। जहां शोभायात्रा का समापन हुआ।



**कांग्रेसियों ने किया स्वागत**

प्रकाश पर्व पर निकाली गई शोभा यात्रा का कांग्रेसजनों ने भी स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने नगर कीर्तन का स्वागत करते हुए कहा कि गुरु नानक देव का जीवन करुणा समानता और सेवा की अद्भुत मिसाल है। उन्होंने मानवता को ऐसा मार्ग दिखाया जहाँ कोई भेदभाव नहीं केवल प्रेम, सत्य और भक्ति है। स्वागत के दौरान शहर अध्यक्ष विजय राज सिंह, पार्षद हरीश भंडारी, रिम्मी भाटिया आदि उपस्थित थे।

**आतिशबाजी के साथ स्वागत**

शहर के चौक चौराहो में आतिशबाजी के साथ पंज प्यारो का स्वागत किया गया। भाजपा- कांग्रेस सहित अन्य पार्टी के जनप्रतिनिधियों, धर्मिक सामाजिक संस्था के प्रमुखो ने भी शोभायात्रा का स्वागत किया। इसी क्रम में 5 नवंबर को स्थानीय गुरूद्वारे में दरबार कीर्तन अखंड पाठ के साथ ही लंगर का आयोजन किया गया। जयंती समारोह में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक रामजी भारती, पालिका अध्यक्ष रमन डोगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, तरूण हत्थेल, विष्णु लोधी, संध्या देशपांडे, विजय प्रताप सिंह, प्रदीप शर्मा, रामकृष्ण कन्नौजे, अमीत जैन, संतू अन्ना, महेन्द्र भाई पटेल, प्रकाश बिंदल, विनोद तिवारी, शरद अग्रवाल, राजू नरेडी, कैलाश तिवारी, रवि पचेरी, मोहम्मद गौस, विनय बंसल, विनीत यादव, अनिल सिन्हा, सरफु खान, रवि यादव, गोपाल दम्मानी, अर्चलासिंह, रेखा राघोर्ते, शिवानी साखरे, सविता दरगढ, बबिता साहू, गोलू तिवारी, बबलू शांडिल्य, असीम मलिक सहित अन्य शामिल हुए।

# जल संकट से जूझ रहे नगरवासी, पालिका कर रही अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

कार्तिक माह में नगर के लोगों को पालिका की अनदेखी से जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। कई वार्डों के लोग पानी के हलाकान हो रहे है।नागरिकों ने बताया कि पालिका ने मोटरों की मरम्मत का भुगतान नहीं किया है, जिसके चलते मरम्मत कार्य नहीं हो पा रहा है और पानी सप्लाई बाधित हो गई है। पार्षदों ने भी स्थिति पर चिंता जताते हुए बताया कि उन्होंने कई बार पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे और अधिकारी खिरोद भोई को समस्या से अवगत कराया, लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया।

नगर में चारों ओर पानी की किल्लत से लोग परेशान हैं। नगर के कई वार्डों में पेयजल संकट गहराते जा रहा है। स्थिति यह है कि लोगों को खाली बाल्टी लेकर पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। वार्ड 3 के टिकरापारा क्षेत्र में पिछले पंद्रह दिनों से पानी नहीं आ रहा है।

वहीं वार्ड 1 और 2 का बोरवेल लंबे समय से खराब हैं, जिसकी सुध नहीं लिया जा रहा है। नागरिकों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी न कोई जनप्रतिनिधि और न ही पालिका अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

# तीन शिशु के जन्म पर कोमल ने दी बधाई

**सड़क अतरिया।** ग्राम बीरुटोला निवासी दीपक यादव की पत्नी जमुना यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान में तीन पुत्रों को सकुशल जन्म दिया। पुत्र रत्न की प्राप्ति यादव परिवार के लिए बेहद खुशी का विषय है माता पिता बहुत प्रसन्न हैं। बीते दिवस पूर्व विधायक कोमल जंघेल तीनो बच्चों को देखने तथा मां का हालचाल जानने चिकित्सालय पहुचे। उन्होंने परिवार एवं चिकित्सालय स्टाफ को बधाई दिया। श्री जंघेल ने चुनौती पूर्ण प्रसव कराने के लिए प्रशंसा किया। ब्लाक चिकित्सा अधिकारी डां मनीष बघेल लगातार तीन बच्चे व उनके माँ के स्वास्थ्य का ध्यान रखा।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



### कवर्धा ने जीता सेक्टर स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट

**गंडई पंडरिया।** पंडित देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय, गंडई में आयोजित सेक्टर स्तरीय वॉलीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। इस टूर्नामेंट में कुल 12 टीमों ने भाग लिया, जिसमें फाइनल मुकाबला कवर्धा महाविद्यालय और शासकीय दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव के बीच हुआ। शानदार प्रदर्शन करते हुए कवर्धा की टीम ने खिताब अपने नाम किया और विजेता बनी। दिग्विजय कॉलेज उपविजेता रहा। बता दे कि पूरे प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे ने किया। क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती अनीता पौषार्य ने बताया कि अब टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनकर 6 और 7 नवम्बर को कांकेर में होने वाली राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए संयुक्त टीम बनाई गई है, जो कांकेर में जाकर अपना प्रदर्शन करेंगे।

### फरार मवेशी तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**छुईखदान।** गौवंश तस्करी के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11 के तहत दर्ज प्रकरण के आरोपी शोभित गोंड़ पिता स्व. भारत गोंड़ निवासी बाबूनवागांव गत 9 अक्टूबर से फरार था। अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम आरोपी की तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर आरोपी को 4 नवंबर को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने घटना में शामिल होना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे उपजेल सलोनी भेजा गया।

### कसारी में 7 तक भागवत प्रवचन



**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम कसारी में 31 अक्टूबर से 7 नवंबर तक भागवत प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन कृष्ण बिहारी वैष्णव और उनकी पुत्री द्वारा कराया जा रहा है। भाजपा नेत्री संगीता वैष्णव ने बताया कि श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कराने का मूल उद्देश्य पूर्वजों की आत्माओं की शांति व मुक्ति तथा जगत कल्याण है। उक्त जानकारी संगीता वैष्णव ने दी।

### नगर पालिका के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि नहीं ले रहे सुध

# दुकान नीलामी में खेल, नगर पालिका के खजाने को नुकसान

## नपा में भ्रष्टाचार और अनियमितता चरम पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नगर पालिका परिषद में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का खेला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के निलंबन और स्थानांतरण के बावजूद कार्यशैली में कोई सुधार नहीं आया है। अनुपयोगी सामानों की बोगस खरीदी के बाद ताजा मामला दुकानों की नीलामी में किए गए खेला का है, जिसमें नपा ने अपने ही खजाने को करीब 65 लाख का नुकसान पहुंचाया है।

आरोप है कि यह सब कुछ पार्षद और पतियों के इशारे पर किया गया, ताकि उनके रिश्तेदारों को सस्ती कीमत में दुकानें मिल सकें। जानकारी अनुसार फतेह मैदान मे पुराने थाने के पास 3 और मणिकंचन केंद्र धरमपुरा में बनी 8 शेष दुकानों को मिलाकर 11 दुकानों की नीलामी नपा ने दो चरणों में की है। इन सभी दुकानों की अंतिम बोली 1 करोड़ 48 लाख 42 हजार रुपए तक पहुंची थी, लेकिन तय समय सीमा में किसी भी अंतिम बोलीकर्ता ने राशि जमा नहीं की। नियमानुसार ऐसी स्थिति में इन्हें नीलामी प्रक्रिया से बाहर किया जाना चाहिए था परंतु जिम्मेदार अधिकारियों ने ऐसा नहीं किया और उन्हीं लोगों को दुबारा नीलामी में शामिल कर लिया।



### एक दुकान में ही बढ़ी कीमत, बाकी में नुकसान

दुकान 3 की पहली कीमत 12 लाख 81 हजार रुपए थी, जिसे नोहर धुर्वे ने लिया था। पुनः नीलामी में यह दुकान राजू शाह को 4 लाख 2 हजार रुपए में मिली मतलब 8 लाख 79 हजार रुपए का घाटा। 14 नंबर दुकान पहले 12 लाख 10 हजार रुपए में नदीम मेमन ने लिया पुनः नीलामी में वही दुकान 3 लाख 72 हजार रुपए में बिकी। दुकान क्रमांक 18 पहले 12 लाख रुपए मे बिक्री बाद मे वह 8 लाख 10 हजार रूपए कम 3 लाख 90 हजार रुपए में बिकी। दुकान 19 भी कम कीमत में गई यह दुकान पहले 11 लाख 40 हजार रुपए में बिकी थी बाद मे त्रिलोक कोठले को 3 लाख 35 हजार रुपए में दे दी गई यानि 8 लाख 5 हजार रुपए का घाटा। फतेह मैदान स्थित दुकान 2 भी घोटाले की मिसाल बनी। इसे पहले कैलाश नागरे ने 7 लाख रुपए में लिया था, जो बाद मे राजेश धुर्वे को 2 लाख 91 हजार रुपए में मिली। सिर्फ दुकान क्रमांक 13 में बढ़ोतरी हुई, इमरान खान द्वारा ली गई इस दुकान को खुलेश्वर सिन्हा ने 1 लाख 60 हजार रुपए अधिक देकर 25 लाख रुपए में खरीदा।

### कांग्रेस-भाजपा पार्षदों ने उठाया लाभ

14 अक्टूबर 25 को दुबारा नीलामी की औपचारिकता सिर्फ कागज पर पूरी कर ली गई। इस बार भी वही पुराने बोलीकर्ता शामिल हुए, जिन्हें पिछली बार से लाखों रुपए कम दर में दुकानें दी गईं थी। उदाहरण तौर पर धरमपुरा के मणिकंचन केंद्र के पास बनी दुकान क्रमांक 1 को अमलीडीह वार्ड पार्षद शत्रुघ्न धृतलहरे की धर्मपत्नि उमा धृतलहरे ने पहले 14 लाख 61 हजार रुपए में खरीदा था। रकम जमा नही करने के बावजूद नीलामी में वही दुकान उन्हें 3 लाख 61 हजार रुपए का घाटा उठाकर नपा ने 11 लाख रुपए में दे दिया। इसी तरह दुकान क्रमांक 5 व 6 को पिपरिया वार्ड पार्षद शैलेंद्र वर्मा के सगे भाई नरेंद्र वर्मा ने पहले क्रमशः 9.50 लाख और 10.50 लाख रुपए में खरीदा था लेकिन राशि जमा न की। बाद में इन्हीं दुकानों को उन्हें फिर से 3.90 लाख और 3.75 लाख रुपए में दे दिया गया इससे नगर पालिका को 12 लाख 35 हजार रुपए का नुकसान हुआ। इसी तरह 2 नंबर दुकान पहली बोली लगाकर 15 लाख रुपए मे चंद्रकांत बिदानी ने लिया था, लेकिन भुगतान नहीं किया। पुनः नीलामी में वही दुकान त्रिलोक कोठले को मात्र 3 लाख 80 हजार रुपए में मिल गई यानि 11 लाख 20 हजार रुपए का नुकसान।

### अभी बाहर हूं

संबंधित शाखा से डिटेल जानकारी ले सकते हैं अभी मैं बाहर हूं बाद में बात करता हूं। **-कोमल ठाकुर** सीएमओ

# संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन



- लगभग 500 बच्चों में दिखा भारी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम बूढ़ासागर में हाल ही में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य और सफल आयोजन किया गया, जिसमें संकुल के चार प्राथमिक शाला और दो माध्यमिक शाला के विद्यार्थी शामिल हुए। इस दौरान लगभग 490 बच्चों में खेल के प्रति काफी उत्साह देखा गया।

प्रतियोगिता का सफल आयोजन संकुल समन्वयक राजेश श्रीवास्तव, संकुल प्राचार्य प्रतिनिधि शरद नेताम और प्रधान पाठक श्रीमती सीता साहू के कुशल निर्देशन में सम्पन्न हुआ। खेल प्रभारी मायाराम राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राथमिक विभाग के 340 बच्चों ने 20 खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाई, वहीं माध्यमिक शाला के 150 बच्चों ने 18 खेलों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

### खेल के प्रति बच्चों का जुनून

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बूढ़ासागर के सरपंच संजू खुसरो और अध्यक्षता कर रहे एसएमसी के अध्यक्ष संतोष पटेल सहित विशिष्ट अतिथियों द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। बच्चों में खेल के प्रति जुनून देखते ही बन रहा था, वे सुबह से ही मैदान में उपस्थित होकर रेफरी के निर्देशों का पालन कर रहे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल के शिक्षकों लेखराम पटेल, आलोक वैष्णव, पूर्णानंद धनकर, विजय चौरे, भागचंद साहू, महेश वर्मा, भिखेंद्र जंघेल, मयाराम राठौर, संगीता महोबिया, निर्मला जगत, भुनेश्वरी मेरावी, यमुना खुशरो और समस्त ग्रामवासियों ने महत्त्वपूर्ण सहयोग दिया।

### आज एक दिवसीय चयन स्पर्धा

**राजनांदगांव।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित की जा रही खेलो इंडिया सेंटर के लिए एक दिवसीय चयन स्पर्धा कल 6 नवंबर को सुबह 9 बजे से अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित की जा रही है। उक्त चयन स्पर्धा में 01 जनवरी 2010 से 01 जनवरी 2016 में जन्म लेने वाले खिलाड़ियों को प्राथमिकता होगी। इस चयन स्पर्धा राजनांदगांव के हॉकी खिलाड़ी ही भाग लेंगे।

## छुरिया के 19153 किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार छुरिया तहसील अंतर्गत पूर्व में कुल 19527 किसानों द्वारा धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान विक्रय किया गया था। जिसमें से 19153 किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन किया जा चुका है। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु शेष 374 किसानों के पंजीयन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। साथ ही छुरिया तहसील अंतर्गत कृषकों के भूमि का गिरदावरी किया गया है। जिन ग्रामों का जियो रिफ्रेसिंग हुआ है, उन ग्रामों का डीसीएस पोर्टल के माध्यम से सर्वेयरों द्वारा डिजिटल गिरदावरी किया गया है। इसके साथ ही जिन ग्रामों में जिओ रिफ्रेसिंग नहीं हुआ है, उन ग्रामों में हल्का पटवारियों द्वारा कृषि भूमि का भौतिक निरीक्षण एवं सत्यापन कर गिरदावरी की प्रविष्टि भुईयां पोर्टल के माध्यम से किया गया है। छुरिया तहसील अंतर्गत शासकीय पट्टेदार, वन अधिकार मान्यता पत्रकधारी का गिरदावरी प्रविष्टि पीवी एप के माध्यम से किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं गिरदावरी का मोबाइल पीवी एप सत्यापन उपरांत प्रविष्टियों में परिवर्तन 30 नवंबर 2025 तक करने के निर्देश दिए गए है। निर्धारित तिथि तक आवश्यकतानुसार संशोधन (सत्यापन) कार्य कर लिया जाएगा। घुमका तहसील अंतर्गत हल्का पटवारी-3 में कुल 6 ग्राम हैं। जिसमें गिरदावरी हेतु कुल खसरों की संख्या ग्रामवार अमलीडीह में 1144, कलकसा में 815, कौहाकुड़ा में 613, ढाबा में 628, भरकाटोला में 1370 एवं सहसपुर दल्ली में 1050 है। डीसीएस के माध्यम से गिरदावरी पूर्ण खसरों की संख्या ग्रामवार अमलीडीह में 816, कलकसा में 587, कौहाकुड़ा में 308, ढाबा में 383, भरकाटोला में 792 एवं सहसपुर दल्ली में 552 है। मैनुअल गिरदावरी के माध्यम से ग्राम अमलीडीह, कौहाकुड़ा, भुरकाटोला, ढाबा एवं सहसपुर दल्ली की शेष खसरों की गिरदावरी पूर्ण की गई है। तकनीकी समस्या आने के कारण ग्राम कलकसा की लगभग 228 खसरों की मेनुअल गिरदावरी पूर्ण नहीं की जा सकी है, जिसे पूरा करने आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## सरदार पटेल की मनाई गई जयंती

**राजनांदगांव।** शासकीय महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती मनाई जयंती मनाई गई। मुख्य वक्ता डॉ. फुलसो पटेल प्राध्यापक इतिहास शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय उपस्थित थी। कार्यक्रम प्रारंभ में विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र ने सरदार पटेल के कार्यों पर प्रकाश डालते कहा कि सन 1946 में भारत में जो अंतरिम सरकार बनी थी, उसमें सरदार पटेल को प्रधानमंत्री बनाया गया। विभाजन के पश्चात उन्होंने भारत सरकार का गृह विभाग संभाला। उन्होंने बड़ी बुद्धिमता और कुशलता से देशों की रिसायतों की समस्या को सुलझाया। सरदार पटेल निर्भीक एवं अटल थे। उन्होंने विभाजन के समय देशभर में पूर्ण शांति व्यवस्था स्थापित करने का महान कार्य किया। मुख्य वक्ता डॉ. पटेल ने कहा कि सन 1927 में बारदोली सत्याग्रह का नेतृत्व वल्लभ भाई पटेल ने किया था और इसी समय जनता ने सरदार की उपाधि से सुशोभित किया। सन 1942 में भारत छोड़ो प्रस्ताव का समर्थन सरदार पटेल ने किया था। उनके बारे में लुई फिशर ने कहा था कि गांधी और जवाहर लाल नेहरू के व्यक्तित्व में चलने वाली कांग्रेस के वल्लभ भाई पटेल राजनैतिक कर्णधार है। सरदार पटेल के अंदर दल संगठित करने की अदभुत क्षमता थी। वे जीवन के व्यवहारिक पथ पर जोर देते थे। कार्यक्रम का संचालन करते प्रो. हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर ने कहा कि सरदार पटेल को महत्वपूर्ण उपलब्धि भारत के विभिन्न रियासतों को भारत में एकीकृत करना था।

## विश्व विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम को उमा चौबे ने दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा विश्व कप जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। इसी कड़ी में, श्रीमती उमा चौबे ने टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस जीत को भारत के लिए अत्यंत गर्व का क्षण बताया।

श्रीमती चौबे ने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के लिए इस जीत के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह हमारे राज्य के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि छत्तीसगढ़ की बेटी आकांक्षा सत्यवंशी का योगदान इस जीत में शामिल रहा है, जो राज्य के लिए गौरव की बात है।

### कवर्धा की आकांक्षा ने निभाई अहम भूमिका

कवर्धा जिले की निवासी आकांक्षा सत्यवंशी ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ बतौर फिजियोथेरेपिस्ट और स्पोर्ट्स साइंस एक्सपर्ट अपनी सेवाएं दी। श्रीमती चौबे ने उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आकांक्षा ने खिलाड़ियों की फिटनेस, रिकवरी और उनके प्रदर्शन को सर्वोच्च स्तर पर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है।श्रीमती चौबे ने इस जीत को नारी शक्ति, संघर्ष, परिश्रम और अटूट आत्मविश्वास की जीत बताया। आकांक्षा सत्यवंशी ने सिद्ध कर दिया है कि प्रतिभा किसी भी क्षेत्र या राज्य की सीमाओं तक सीमित नहीं रहती।

## कांग्रेस ने मनाई राजा देवव्रत सिंह की पुण्यतिथि

**छुईखदान।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुईखदान द्वारा कांग्रेस के नेता एवं पूर्व विधायक पूर्व सांसद स्वर्गीय राजा देवव्रत सिंह की चौथी पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया।



इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकुमार पटेल, गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, कोमल साहू, ललित महोबिया, प्रमोद सिंह, कामदेव जंघेल, आलोक यादव, मोहन तिवारी, रिंकू गुप्ता, घसिया जंघेल, केदार जंघेल, नज़रुद्दीन, विजय वर्मा, शैलेन्द्र तिवारी, नीरज महोबिया सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि स्व. देवव्रत सिंह ने सदैव जनता के हितों को प्राथमिकता दी और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य किया। वे न केवल एक जननेता थे, बल्कि सरल स्वभाव और सशक्त नेतृत्व के प्रतीक थे।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## विशेष शिविर का समापन

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम रामपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन बीते दिनों हुआ। मुख्य अतिथि कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि ग्रामीण विकास में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि "राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन और सहयोग की भावना से जोड़ती है, जब युवा समाज के साथ जुड़ते हैं, तभी सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव होता है।" विशिष्ट अतिथि सावन वर्मा एवं सुरेंद्र सिंह बग्गा ने कहा कि स्वच्छता, वृक्षारोपण, नशामुक्ति, जल संरक्षण और पोषण जैसे अभियानों में युवाओं की सहभागिता समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में प्रेरणादायक है।

महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रवि सिन्हा ने कहा कि "एनएसएस शिविर विद्यार्थियों को सेवा और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का सच्चा अनुभव कराता है। इस अवसर पर आशानंद माखीजा, एसआर कन्नोजे, नमिताभ जैन, पंकज कुरंजेकर, यतीश कुमार साहू, मनीष साहू उपस्थित रहे।

### सभी बोर्डों के परीक्षा प्रश्न पत्रों में एकरूपता लाने की पहल

# डीएलएड ब्लू प्रिंट निर्माण कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल और परख एनसीईआरटी नई दिल्ली के संयोजन में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के मंशानुरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत पूरे देश में सभी बोर्डों के परीक्षा प्रश्नपत्रों में एकरूपता लाने की पहल की जा रही है। इसी अनुक्रम में मंडल अध्यक्ष रेणु पिल्ले के संरक्षण सचिव पुष्पा साहू के आदेशानुसार एनसीईआरटी नई दिल्ली परख विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ इन्द्राणी भादुरी के निर्देशन पर उपसचिव विद्योचित डॉ बीरघु के मार्गदर्शन प्रीति शुक्ला प्रभारी उपसचिव प्रशासनिक के सहयोग से तीन दिवसीय डीएलएड प्रथम व द्वितीय वर्ष के ब्लूप्रिंट निर्माण प्रशिक्षण सह कार्यशाला मंडल कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जहाँ विषय प्रवेश पूर्व शिक्षा के उद्देश्यों पर चर्चा बाद पाठ्यक्रम का ज्ञान, प्रश्न पत्र निर्माण व मॉडरेशर पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। सहायक प्राध्यापक डॉ प्रदीप कुमार साहू, मनीषी सिंह, शिवा सोमवंशी, अलका जैन, अहर्लिश पॉल, डॉ रीता चैबे, डॉ माधुरी बोरेकर, ने प्रशिक्षण प्रदान करते हुए कार्यशाला सह प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुणवत्तायुक्त प्रश्नपत्र निर्माण करने के लिए ब्लूप्रिंट का ज्ञान व जानकारी आवश्यक है।



### बदलाव को बताया आवश्यक कदम

पहली बार पृथक तौर पर आयोजित कार्यशाला मे डाइट से व्याख्याता डॉ.रचना दत्त और व्याख्याता डॉ मोनिका सिंह शामिल हुई। कार्यशाला मे राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत डीएलएड प्रथम व द्वितीय वर्ष के नवीन ब्लू प्रिंट 6 डोमेन के आधार पर ज्ञानात्मक अंतर्गत परिभाषा, सिद्धांत, तथ्यों को पहचान, सूचना इत्यादि पर आधारित स्मरण क्षमता पर आधारित प्रश्न, अवबोधात्मक के अंतर्गत अर्थ, व्याख्या, अंतर स्पष्ट करने, वैचारिक समझ, भावानुवाद, अनुप्रयोगात्मक अंतर्गत उदाहरण सहित संदर्भ और समझ के आधार पर दी गई। वही नई परिस्थितियों को समझने, सिद्धांत का समाधान, हल निकालना, विश्लेषणात्मक के अंतर्गत वर्गीकृत, तुलनात्मक, व्याख्या विभिन्न श्रोतों पर आधारित विशेष जानकारी को समाहित करने, एकीकरण, सुसंगठित, मूल्यांकन, समीक्षा, मूल्य निर्धारण, निष्कर्ष निकालने, चयन करने, तर्क आधारित, पूर्वानुमान, योजना बनाने, परिकल्पना करने, संगठित करने के आधार पर नया ब्लूप्रिंट तैयार किया गया। प्रशिक्षण में ब्लूप्रिंट अवधारणा, शैक्षिक उद्देश्यों पर आधारित प्रश्न उनके प्रकार, संतुलित प्रश्नपत्र निर्माण के सोपान, शैक्षिक उद्देश्यों पर आधारित अपने विषय के प्रश्नों का निर्माण किया। ब्लूप्रिंट निर्माण कार्यशाला आयोजन को लेकर डाइट के प्रभारी प्राचार्य डॉ सुनील शर्मा ने डीएलएड पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों के सभी डोमेन में आकलन करने ब्लू प्रिंट में इस बदलाव को आवश्यक कदम बताया।

# जनपद पंचायत ने मोर सुविधा मोर अधिकार, वाट्सअप नंबर किया जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पेंशन और राशन कार्ड सहित आवास और मनरेगा हितग्राहियो के लिए जनपद पंचायत ने टोल फ्री नंबर जारी किया है। फतेह मैदान में आयोजित राज्योत्सव स्टाल से जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री त्रिपाठी, उपाध्यक्ष लखनलाल साहू, डॉ शैलेंद्र त्रिपाठी, जनपद सदस्य सरस्वती सन्नी यदु, खेमराज जैन, कोमल वर्मा ने बकायदा पोस्टर जारी कर इसकी जानकारी सार्वजनिक की। जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री त्रिपाठी ने टोल फ्री नंबर जारी करने की वजह को लेकर बताया कि मोर सुविधा मोर अधिकार तहत पेंशन और राशन कार्ड के लिए हितग्राही 6267927382 और पीएम आवास सहित मनरेगा को लेकर 6267906818 जिसमे वाट्सअप की सुविधा उपलब्ध कराई गई है



उक्त दोनों नंबरों पर संबंधित हितग्राही दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, बैंक एकाउंट, पीएमएवाई आईडी, जॉब कार्ड अपलोड कर उक्त योजनाओ के क्रियांवयन में आ रही दिक्कतों की जानकारी देते है तो सात दिवस मे भीतर उनकी समस्या, शिकायत का निवारण किया जाएगा। जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री त्रिपाठी ने कहा कि सबका साथ सबका विकास और मोर सुविधा मोर अधिकार को लेकर जनपद पंचायत द्वारा उक्त पहल की गई है। उन्होंने पात्र हितग्राहियों से योजना के क्रियांवयन में आ रही दिक्कतों को लेकर उक्त नंबरों पर अपनी समस्या लिखकर भेजने की अपील की है।

## मोहारा मेला की झलकियाँ



राजनांदगांव। शहर के शिवनाथ नदी तट मोहारा में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है, जो चार 4 नवंबर को प्रारंभ हुआ। मेले का समापन कल 6 नवंबर को होगा। मेले में बड़ी संख्या में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र से लोगों की उपस्थिति बनी रही।

### मरीजों को सहायक उपकरण वितरण कर बेहतर स्वास्थ्य की दी शुभकामनाएं

# उपराष्ट्रपति ने उदयाचल मल्टी स्पेशियलिटी आई केयर इंस्टीट्यूट का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने आज नवनिर्मित स्वर्गीय जुगल किशोर सारडा स्मृति उदयाचल मल्टीस्पेशियलिटी आई केयर एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट राजनांदगांव का शुभारंभ किया।

इस दौरान राज्यपाल रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन ने उदयाचल मल्टी स्पेशयलिटी आई केयर इंस्टीट्यूट का अवलोकन किया। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने मरीजों को सहायक उपकरण वितरण कर बेहतर स्वास्थ्य के लिए शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी अभिषेक



शांडिल्य, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, उदयाचल संस्था के पदाधिकारी अशोक मोदी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं उदयाचल के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि उदयाचल संस्था द्वारा उदयाचल चिकित्सालय में धर्मार्थ दर पर नेत्र विभाग में 300, फिजियोथेरेपी में 60 से 80, दंत विभाग में 30, स्क्रीन एवं होम्योपैथी विभाग सहित प्रतिदिन लगभग 400 ओपीडी होती है। संस्था द्वारा 3000 कुपोषित बच्चे एवं 2400 गर्भवती महिलाओं को छुईखदान, गंडई, सिंघोला में अतिरिक्त पोषण आहार देकर सुपोषित किया गया। कोविड-19 संक्रमण के समय कोविड आईसोलेशन सेंटर और वेक्सिनेशन की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

### संस्था में किया जाता है निःशुल्क आपरेशन

एक युद्ध टीबी के विरूद्ध मिशन में लगभग 1000 टीबी साधकों को अतिरिक्त आहार देकर सुपोषित किया गया। संस्था द्वारा जरूरतमंद मरीजों का निःशुल्क आपरेशन किया जाता है। जिसमें मरीज और सहयोगी के रूकने, भोजन, दवाई, चश्मा तथा डिस्चार्ज के समय एक चादर, थाली, ग्लास भेंट किया जाता है। संस्था में 9 लाख 17 हजार 62 से अधिक मरीजों का नेत्र जांच की गई है। इसी तरह 90 हजार 132 मरीजों का आपरेशन किया गया है। फिजियोथैरिपी के 2 लाख 12 हजार 599, डेंटल के 23 हजार 441 तथा होम्योपैथिक के 39 हजार 242 मरीजों का ईलाज किया गया है। इसके साथ ही समय-समय पर नेत्र शिविर लगाकर मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जाता है।

### रजत जयंती पर छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के हिंदी विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष पर एक सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी श्रृंखला शुरू की गई है।

यह प्रश्नोत्तरी प्रत्येक शनिवार को आयोजित की जाती है। जिसमें विद्यार्थी उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। इस श्रृंखला में छत्तीसगढ़ की भाषा, साहित्य-संस्कृति और इतिहास से संबंधित प्रश्न तैयार कर विद्यार्थियों की सामान्य ज्ञान की परख की जाती है। इससे विद्यार्थी धीरे-धीरे प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सामान्य ज्ञान की तैयारी कर लेते हैं।

इस छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी के संयोजक डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि यह परीक्षा ऑनलाइन ली जाती है। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिए जाते हैं। जिनमें एक सही और शेष गलत रहते हैं। परीक्षा के बाद सभी प्रश्नों के सही उत्तर तत्काल बता दिए जाते हैं।

इस जांच परीक्षा का उद्देश्य प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए सामान्य ज्ञान की तैयारी कराना है, जो विद्यार्थी इसमें नियमित भाग लेंगे, उन्हें छत्तीसगढ़ के संबंध में सामान्य ज्ञान का क्वेश्चन बैंक तैयार हो जाएगा।

### राज्य उत्सव में पंडवानी की गूंज

## तरुणा साहू के स्वर से गूंजे धमतरी और मोहला-मानपुर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ की लोकधारा और परंपरा से ओतप्रोत पंडवानी कला की मनमोहक प्रस्तुति से राज्योत्सव के मंच गूंज उठे, जब प्रसिद्ध पंडवानी गायिका श्रीमती तरुणा साहू ने अपनी टीम के साथ लोककला का जादुई प्रदर्शन किया।

राज्य उत्सव धमतरी 2025 के अवसर पर शासकीय डॉ. शोभाराम देव मैदान में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में तरुणा साहू की पंडवानी प्रस्तुति "द्रौपदी चीर हरण" ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों की आंखें इस करुण और शक्तिशाली प्रसंग को देखकर नम हो उठी। कार्यक्रम के दौरान पंडवानी के स्वरों ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति की आत्मा को साकार किया और उपस्थित जनसमूह ने बार-बार तालियों की गड़गड़ाहट से अपनी प्रशंसा व्यक्त की।

इसी क्रम में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में आयोजित राज्योत्सव समारोह में भी श्रीमती तरुणा साहू ने अपनी टीम के साथ पंडवानी की अविस्मरणीय प्रस्तुति दी। इस मौके पर जिले के कलेक्टर द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया, जो कि लोककला के प्रति उनके समर्पण और उत्कृष्ट योगदान का प्रमाण है।

तरुणा साहू न केवल एक उत्कृष्ट लोककलाकार है, बल्कि रेलवे सुरक्षा बल राजनांदगांव में थाना प्रभारी के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रही हैं। वे समाजसेवा, जनकल्याण और लोकसंस्कृति के संवर्धन में सतत कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी गुरु, पद्मविभूषण डॉ. तीजनबाई को देते हुए कहा कि "मेरे लिए पंडवानी सिर्फ कला नहीं, यह मेरी साधना है। छत्तीसगढ़ की माटी से जुड़ी इस परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचना ही मेरा लक्ष्य है।

कार्यक्रम में उनके साथ मंच पर सहयोगी कलाकारों ने भी अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### समाज ने विस अध्यक्ष को सौंपा मांग पत्र



**राजनांदगांव।** जिला निषाद समाज राजनांदगांव के प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से राजनांदगांव में सौजन्य भेंट-मुलाकात कर सामाजिक व राजनीतिक विषयों पर चर्चा कर सिंगदई चौक में निषाद समाज छात्रावास निर्माण हेतु 25 लाख रुपए की मांग पत्र सौंपा गया। समाज के मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल में समाज के जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, महासचिव टीकम निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगन निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद, पूर्व संगठन सचिव पन्ना निषाद, समाज सेवक झाडूराम निषाद सहित समाज के जिला पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### उपराष्ट्रपति ने किया ट्वीट...



राजनांदगांव। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को शहर प्रवास के दौरान कार्यक्रम स्थल पर लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसे अपने सोशल मीडिया पर ट्वीट भी किया।

## नदी में शिवगंगा महाआरती आयोजित

**राजनांदगांव।** मां गायत्री दिया मंडल गायत्री परिवार, श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट, बाल रत्न मंच सेवा समिति संस्थाओं के प्रमुख सेवकगण पंकज गुप्ता, योगेश साहू, सौरभ खंडेलवाल व राहुल अग्रवाल ने बताया कि राजनांदगांव में सनातन धर्म की अलख जगाते प्रत्येक जन में धर्म जागरण का संचार करते अनवरत रूप से 9वें वर्ष देव दीपावली पर भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाई।



मां गायत्री दिया मंडल गायत्री परिवार, श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट, बाल रत्न मंच सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में संस्कारधानी निवासियों की सहभागिता से निरंतर 9वें वर्ष कार्तिक पूर्णिमा पर शिवनाथ नदी मोहारा तट पर शिव प्रतिमा के सामने सुबह 06 बजे कार्तिक पूर्णिमा स्नान एवं सुबह 6.30 बजे गायत्री मंदिर के पं.सुखनंदन द्वारा भगवान गणपति की स्तुति एवं वैदिक मंत्र उच्चारण करते दिव्य भव्य अलौकिक शिवगंगा महाआरती आरती संपन्न हुई। आयोजन के प्रमुख सेवक कैलाश गुप्ता व गोल्डी गुप्ता ने बताया कि सनातन संस्कृति में कार्तिक पूर्णिमा के दिन देव दीपावली का पर्व मनाया जाता है। शिवगंगा महाआरती को सफल बनाने एवं सहभागिता निभाते पवन अग्रवाल, विजय गुप्ता, लोकेश अग्रवाल, निलेश शर्मा, सौरभ गोल्डी गुप्ता, गजेंद्र साहू, प्रतिभा खंडेलवाल, प्रीति गुप्ता, संचित खंडेलवाल एवं अन्य सनातन प्रेमी माताएं-बहनें उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी पंकज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल व योगेश साहू द्वारा दी गई।

## युवाओं को दी जा रही ट्रेनिंग

**राजनांदगांव।** भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन राजनंदगांव द्वारा संचालित शिखर डिफेंस एकेडमी द्वारा तुमड़ीबोड में निःशुल्क फिजिकल ट्रेनिंग युवाओं को दी जा रही है। इसी कड़ी में युवाओं का फिजिकल टेस्ट और मेडिकल टेस्ट लिया गया।



### राज्योत्सव : जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्य समापन

# रैपर डेविड नंदा की प्रस्तुति ने बांधा समा छत्तीसगढ़ी नृत्यों को दर्शकों ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे रजत जयंती वर्ष के अवसर पर मिनी स्टेडियम मोहला में 2 से 4 नवंबर तक आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव-2025 का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम सायं 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक चला। जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, पारंपरिक खेलों, वेशभूषा प्रतियोगिता एवं लोककला के विभिन्न रूपों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माटी के सिंदूर नाचा पार्टी बुटाकसा की मनोरंजक नाचा-गम्मत प्रस्तुति से हुआ। जिसने दर्शकों को हंसी और भावनाओं के रंगों में सराबोर कर दिया। इसके बाद वेशभूषा प्रतियोगिता में स्कूली विद्यार्थियों ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी परिधानों में मंच पर आकर्षक प्रस्तुति दी। लोक कलाकार तरूणा साहू राजनांदगांव द्वारा प्रस्तुत पंडवानी गायन एवं नृत्य ने सभी दर्शकों को छत्तीसगढ़ की लोककथाओं की भावभूमि में पहुंचा दिया। इसी क्रम में एकलव्य विद्यालय मोहला के विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। माधुरी पुरामे एवं साथी मानपुर ने ओड़िसी नृत्य के माध्यम से शास्त्रीयता और सौंदर्य का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।

सांस्कृतिक संध्या में मोहला के स्थानीय युवा कलाकार डेविड नंदा ने अपनी शानदार रैप प्रस्तुति से कार्यक्रम में जोश और ऊर्जा का संचार कर दिया। डेविड नंदा ने अपने गीतों के माध्यम से जिले की संस्कृति, छत्तीसगढ़ की पहचान और युवा पीढ़ी की भावना को बड़े ही प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। स्थानीय बोली और आधुनिक संगीत के संगम ने दर्शकों को खूब झुमाया। उनकी प्रस्तुति पर उपस्थित दर्शक तालियों की गडगड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन करते नजर आए। रैपर डेविड नंदा ने मोहला जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए ऐसा माहौल बना दिया कि पूरा स्टेडियम उत्साह और गर्व से गूंज उठा।



### आतिशबाजी की बिखरी मनमोहक छटा

रंगोली स्थल पर जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, कलेक्टर तुलिका प्रजापति, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्जवलन किया। दीपों की रौशनी से सजे रंगोली का दृश्य अत्यंत मनमोहक था। चारों ओर जगमगाते दीप, रंगबिरंगी रंगोलियां और छत्तीसगढ़ी लोकधुनों की मधुर गूंज से पूरा स्टेडियम उत्सव स्थल में परिवर्तित हो गया। रात्रि में हुई आतिशबाजी ने आसमान को रंगीन रोशनी से सजाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं और प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक वेशभूषा प्रतियोगिता में 18 प्रतिभागियों ने भाग लेकर छत्तीसगढ़ की पारंपरिक पोशाकों का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने भरपूर सराहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, एसडीएम मोहला हेमेंद्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमितनाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर डीआर ध्रुव, सभी विभाग के अधिकारी- कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।





## खबर संक्षेप

### कवर्धा के चिन्मय सोनी का एमबीबीएस में चयन



**हरिभूमि कवर्धा।** करपात्री चौक निवासी चिन्मय सोनी ने एमबीबीएस में चयनित होकर शहर का नाम रौशन किया है। चिन्मय को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिली है। चिन्मय प्रारंभ से ही एक मेधावी छात्र रहे हैं। वे शिक्षक पुनम कुमार सोनी एवं श्रीमती स्नेहलता सोनी के सुपुत्र हैं। अपनी सफलता का श्रेय चिन्मय ने अपने माता-पिता, गुरूजनों तथा बड़ों के आर्शीवाद को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार तथा नगर में हर्ष का वातावरण है। चिन्मय की सफलता पर भगवती सोनी (बड़े पापा), बहादुर सोनी नेऊर (नाना), श्रीमती कुसुम सोनी (नानी), राकेश कुमार सोनी (शिक्षक, मामा), श्रीमती मानवी सोनी (मामी) सहित मित्रों एवं परिजनों ने उन्हें बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### बाल कौशल प्रतिस्पर्धा में डोमसरा स्कूल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन



**हरिभूमि कवर्धा।** पंडरिया ब्लाक अंतर्गत बाल कौशल प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत महली संकुल का प्रतिस्पर्धा सम्पन्न हुआ। संकुल स्तरीय प्रतिस्पर्धा में डोमसरा के बच्चो ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रायः सभी खेलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कर पुरुस्कार प्राप्त किए। जिसमें मिडिल विभाग में कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका ने प्रथम स्थान व बालक वर्ग में द्वितीय व प्राप्त किया। वहीं खो-खो में बालक वर्ग द्वितीय तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों ने बालक कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल खेलों में भी डोमसरा के बच्चों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मिडिल विभाग के 400 मीटर दौड़ में दीपक निषाद प्रथम, 400 मीटर बालिका दौड़ में नितिका द्वितीय, अंग्रजी कन्वर्सेशन में चंचल व सती प्रथम स्थान, पहाड़ा में 40 तक पहाड़ा सुनाकर प्रथम स्थान, विज्ञान मॉडल सती निषाद प्रथम स्थान, कबाड़ से जुगाड़ में भूमिका मानिकपुरी प्रथम स्थान पर रही। गोली चम्मच दौड़ में दीपक निषाद ने द्वितीय स्थान, सुई धागा दौड़ में सुहानी निषाद प्रथम, कुर्सी दौड़ में आनंद मानिकपुरी प्रथम, 200 दौड़ बालिका में मोनिका पटेल द्वितीय, सुलेख माला में धीरेंद्र पटेल द्वितीय, चित्रकला में भुनेश्वरी बांधकर प्रथम, 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में अंजुली विश्वकर्मा द्वितीय स्थान पर रही। इसी तरह प्राथमिक विभाग में प्राथमिक शाला डोमसरा के बच्चे प्रिया निषाद ने सुई धागा दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोली चम्मच दौड़ में विषय निषाद प्रथम, गोली चम्मच दौड़ बालिका वर्ग में पायल निर्मलकर प्रथम, कुर्सी दौड़ में नीलिमा यादव प्रथम, सुलेख माला में विषय निषाद प्रथम, अंग्रजी कन्वर्सेशन में खिलेश व शीतल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद बालक में रोमेश पटेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### ग्रामीणों द्वारा गौ-पालन करना प्रतिदिन तन-मन-धन लगाकर सेवा कार्य किया जा रहा



**हरिभूमि पंडरिया।** पंडरिया विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पटूवा में जय ढोल बज्जा बाबा सेवा समिति द्वारा घुमंतू गाय जिसमें 50-60 की संख्या में ग्रामीण जन द्वारा सेवा किया जा रहे हैं यहां देवउठनी एकादशी के दिन सुहाई बांधकर सभी गौ माता को जगाया गया एवं गांव की सुख समृद्धि की कामना किया गया। गांव वाले अपने स्वयं के पैसे से गौ-पालन कर रहे हैं, गौ-पालन करना प्रतिदिन तन-मन-धन लगाकर सेवा कर रहे हैं यहां इस एकादशी के अवसर पर गौ सेवा आयोग ब्लॉक अध्यक्ष नंदकिशोर यादव एवं गौ सेवा आयोग जिला सदस्य मनोज सिंह ठाकुर एवं साथ में ग्रामीण जन जिसमें हीराराम यादव, जलेश्वर सप्रे, मोहित दास, शिव धुर्वे, रामसहाय पटेल, रामस्वरूप पटेल, दुधवा चंद्राकर, मंजू यादव, तिहारू निषाद, सिधवा यादव, जैत चंद्राकर, सुखी, रामअवतार साहू, भरत, ओमप्रकाश चंद्रवंशी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे। इस गौ सेवा को देखकर नंदकिशोर यादव एवं मनोज सिंह ठाकुर के द्वारा बहुत प्रशंसा करते हुए सभी गांव वालों को ऐसे ही अपने-अपने गांव में गाय माता की व्यवस्था करना चाहिए ऐसा उन्होंने विचार रखा।





**कार्यक्रम:** राज्योत्सव का गरिमापूर्ण समापन, तीन दिनों तक छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और भक्ति का हुआ अद्भुत संगम

# छत्तीसगढ़ आज आत्मविश्वास, नवाचार व विकास का प्रतीक बन चुका है: विजय शर्मा

- उपमुख्यमंत्री राज्योत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राज्योत्सव के अंतिम दिवस की संध्या, छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति और भक्ति भावना के रंग में सराबोर रही। लोक-परंपरागत गीतों, जसगीत और छॉलीवुड की सुपरहिट फिल्मों के गानों ने माहौल को संगीतमय बना दिया। राज्योत्सव के तीसरे दिन आयोजित भव्य सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ महतारी की तैल्यचित्र पर दीप प्रज्जवलन के साथ विधिवत रूप से किया।

यह राज्योत्सव छत्तीसगढ़ की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा और जिले की समृद्ध लोक धरोहर की गरिमा को और अधिक बढ़ाने वाला आयोजन रहा। इस वर्ष जब छत्तीसगढ़ राज्य अपने 25 वर्ष के गौरवपूर्ण सफर का जश्न मना रहा है, तब यह रजत महोत्सव वर्ष विशेष उमंग व उल्लास और उत्साह से भरा रहा। कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित राज्योत्सव न केवल स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा के प्रदर्शन का केंद्र बना, बल्कि इसने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत और लोक परम्परा के संगम को नई ऊंचाई प्रदान की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बैगा परिवारों को आवास की चाबी सौंपी और नए आवास निर्माण के लिए स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सभी को राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ये अवसर छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता भारत रत्न स्व अटल बिहारी बाजपेयी को स्मरण और नमन करने का है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज आत्मविश्वास, नवाचार और विकास का प्रतीक बन चुका है, यह हम सभी के सामूहिक प्रयासों और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षो की यात्रा को देखें तो छत्तीसगढ़ के विकास की रफ्तार अन्य प्रदेशों की तुलना में कहीं आगे है। हम जिले में लोगों के लिए जनसुविधाओं के विस्तार के लिए कार्य कर रहे हैं। जिले में उन्नत चिकित्सा सुविधाओं की दृष्टि से एक बड़ी अधोसंरचना यहां मेडिकल कॉलेज के रूप में तैयार होने जा रही है, जल्द ही इसका भूमि पूजन करने जा रहे हैं। यहां अस्पताल में बिस्तरों की संख्या बढ़कर 220 किया जा रहा है, इसके साथ ही क्रिटिकल केयर सहित मेडिकल कॉलेज के मानकों के अनुरूप सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा सुविधाओं को विस्तार देने के साथ ही स्कूलों में स्मार्ट क्लास से पठन पाठन को डिजिटल माध्यम से जोड़ा जा रहा है। जिले में 50 स्कूलों में स्मार्ट क्लास की योजना कों शुरुआत कर तकनीकी शिक्षा को बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद से ही विकास की दिशा में सतत प्रगति हो रही है। पिछले 25 वर्षो में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। जिले के प्रगतिशील किसानों ने अपने परिश्रम और नवाचार से उन्नत कृषि को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। किसानों के हित में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार लगातार किया जा रहा है, ताकि खेती को और अधिक समृद्ध और उत्पादक बनाया जा सके। इस दौरान आसपास क्षेत्र के अधिकारी पदाधिकारी सहित जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

#### रजत महोत्सव पूरे प्रदेश के लिए गौरव का क्षण: ईश्वरी साहू

जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा गठित छत्तीसगढ़ आज अपने स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण कर रजत महोत्सव मना रहा है। यह पूरे प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ने इन वर्षो में विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और उद्योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन दिया। कलेक्टर ने कहा कि तीन दिवसीय राज्योत्सव में स्थानीय कलाकारों को अपनी कला प्रस्तुत करने का भरपूर अवसर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्योत्सव के मंच से बांस गीत जैसे छत्तीसगढ़ की विलुप्त होती पारंपरिक संस्कृति को न सिर्फ जीवंत किया गया, बल्कि नई पीढ़ी के सामने उसकी समृद्ध लोक पहचान को भी उभारा गया है। कलेक्टर ने कलाकारों के उत्साह और लोकसंस्कृति के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छत्तीसगढ़ की माटी, लोक स्वर और परंपराओं को संजोए रखने का सबसे सुंदर माध्यम हैं।

### जन-जागरूकता का अभाव, खुले में शौच जाने मजबूर ग्रामीण महिलाएं

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव में संपूर्ण स्वच्छता अभियान के बावजूद कई गांवों में महिलाएं आज भी खुले में शौच जाने को मजबूर हैं, जैसे कि बने बनाए शौचालयों का इस्तेमाल न करना। इसका नतीजा यह है कि महिलाओं को असुरक्षित और असुविधाजनक स्थितियों का सामना करना पड़ता है और उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा को खतरा होता है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायत कोलेगांव में सरकार द्वारा लाखों रुपए खर्च कर शौचालय निर्माण कार्य कराया है। लेकिन निर्माण पूर्ण होने के बाद भी क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण रहवासी महिलाएं खुले में शौच जाने मजबूर है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार स्वच्छता अभियान पर जोर देते हुए ग्राम स्तर को खुले में शौच मुक्त करने के लिए घर-घर शौचालय निर्माण कराया गया है, लेकिन इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है और शौचालय सिर्फ शोपीस बना है। मिली जानकारी के अनुसार शासन-प्रशासन द्वारा संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत लाखों रुपए खर्च कर घर-घर में शौचालय के लिए 12000 रूपए की राशि दिया गया, उसके बाद भी आज कई घरों में शौचालय नहीं होने के कारण क्षेत्र के महिलाएं सुबह-शाम सड़क किनारे खुले में शौच करने मजबूर है। प्रशासन द्वारा संपूर्ण स्वच्छता अभियान के नाम पर अनेक प्रकार की योजनाएं द्वारा ग्रामीणों को जन-जागरूक साथ ही साथ प्रसार-प्रसार किया जा रहा है लेकिन आज इन सब प्रचार प्रसार जन जागरूकता के बाद भी ग्रामीण महिलाएं खुले में शौच जाने को मजबूर है। जिस पर ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के माध्यम से संपूर्ण स्वच्छता अभियान, जन जागरूक व खुले में शौच मुक्त तथा साफ-सफाई बना रहें।

## एक शिवलिंग की स्थापना से शिवजी की समानता मिलती है सलधा शिवलिंग से सभी को जुड़ना चाहिए: पं. आनंद उपाध्याय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वेद श्रीवास्तव के निवास में आयोजित श्री शिव महापुराण की कथा में शंकराचार्य के शिष्य धर्मान्सद पं आनंद उपाध्याय ने कहा कि जो व्यक्ति अपने जीवन में एक शिवलिंग की स्थापना करता है, उसे शिव जी की समानता प्राप्त होती है, दो शिवलिंग की स्थापना करने से शिव सायुज्य की प्राप्ति होती है। अतः अपने जीवन में एक शिवलिंग की स्थापना अवश्य करनी चाहिए। वहीं परम पूज्य शंकराचार्य के द्वारा सलधा बेमेतरा में सवालाख शिवलिंग की स्थापना हो रही है, उसमें 5100 देकर अपने नाम से शिवलिंग की स्थापना करानी चाहिए।

श्री शिव महापुराण की कथा सुनने से मुक्ति मिलती है कथा श्रवण के बाद मनन करना चाहिए भगवान शिव जी का ध्यान करना चाहिए, निदिध्यासन करना चाहिए, जीवन में कथा के सूत्र को आचरण में लाना चाहिए, भगवान शिव को के श्री चरणों के ध्यान से ज्ञान प्राप्त होगा उसके बाद मुक्ति मिलती है। यह कथा से मोक्ष का साधन क्रम है। अपने मन को निष्काम बनाना चाहिए जिससे शिवपद शिवज्ञान मिल सके। कलिकाल के लोग पाप और विषय भोग में लगे हुए हैं उनके कल्याण का लघु और सरल उपाय श्री शिव महापुराण कथा श्रवण और शिवलिंग की पूजा है। वहीं सलधा से पधारे दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज का मंगलमय शुभकामना श्री शिव महापुराण की कथा में हुआ। वेद श्रीवास्तव ने सपरिवार पादुका पूजन किया पूज्य स्वामी ने आर्शीवाद देते हुए कहा कि भगवान श्री शिव जी आनंदवन काशी में रहते हैं। शिव का अर्थ होता है कल्याण। संसार में कोई भी कामना है उसके अनुसार फल चाहते हैं तो वह फल भगवान श्री शिव की कृपा से प्राप्त होता है। भगवान शिव जी केवल जल चढाने से प्रणाम करने मात्र से प्रसन्न हो जाते हैं, शिव जी महा दानी हैं।

**समाज एकता और संगठन ही विकास की कुंजी: दिनेश चंद्राकर**

## सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती पर चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज का शपथ ग्रहण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज कवर्धा राज एवं उपक्षेत्रों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह गत दिनों 31 अक्टूबर को कुर्मी छात्रावास कवर्धा में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ के केंद्रीय अध्यक्ष दिनेश चंद्राकर उपस्थित थें। कार्यक्रम की शुरुआत कुर्मी छात्रावास परिषर से भव्य पैदल रैली के साथ हुई, जिसमें समाज के विभिन्न उपक्षेत्रों के पदाधिकारी, युवा वर्ग, महिलाएं एवं वरिष्ठजन शामिल हुए। रैली नगर पालिका परिषर पहुंची जहां समाजजनों ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना की। रैली के पश्चात छात्रावास परिषर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में समाज के विभिन्न उपक्षेत्रों के पदाधिकारियों को लालजी चंद्रवंशी, टेकसिंह चंद्रवंशी, ललित चंद्रवंशी, सिद्धराम चंद्रवंशी, अयोध्या चंद्राकर, इंद्राणी चंद्रवंशी, शिवकुमार चंद्रवंशी एवं होरीलाल चंद्राकर द्वारा शपथ दिलाई गई। वहीं मुख्य अतिथि दिनेश चंद्राकर ने कवर्धा राज अध्यक्ष सतीश चंद्रवंशी, राज के पदाधिकारियों एवं केंद्रीय प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई। समारोह में समाज के अनेक वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं नव-निर्वाचित प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थें। जिसमें प्रमुख रूप से मोतीराम चंद्रवंशी, राजेंद्र चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, छोटूराम चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, अजीत चंद्रवंशी, नीलकंठ चंद्रवंशी, रामप्रसाद चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, कुलेश्वर चंद्रवंशी, राजेश चंद्रवंशी, सुरेखा चंद्रवंशी, तुकाराम चंद्रवंशी, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, दानीराम चंद्रवंशी, श्रीमती कविता चंद्रवंशी, रामवतार चंद्रवंशी, रतन चंद्रवंशी, भूपेंद्र चंद्रवंशी, खगेश चंद्रवंशी, पोखराज चंद्रवंशी, सुरेश चंद्रवंशी, नंदलाल चंद्राकर, परेटन वर्मा, लक्ष्मण चंद्रवंशी, प्रताप चंद्रवंशी, बद्री वर्मा, शिव वर्मा, तुलेश कश्यप, परमेश्वर चंद्रवंशी, बालाराम चंद्रवंशी, रवि चंद्रवंशी, पुरुषोत्तम चंद्रवंशी, डकोर चंद्रवंशी, द्वारिका चंद्रवंशी, भरत चंद्रवंशी, नरेश चंद्रवंशी, वीरेंद्र चंद्रवंशी, विनोद चंद्रवंशी सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित थें।।

#### सामाजिक नियमावली और वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में समाज को नई दिशा देने हेतु सदैव तत्पर रहेंगे: सतीश

कवर्धा राज अध्यक्ष सतीश चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि वे सामाजिक नियमावली और वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में समाज को नई दिशा देने हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। केंद्रीय महिला उपाध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी चंद्रवंशी ने अपने वक्तव्य में समाज में महिलाओं की सक्रिय भूमिका पर बल दिया। अपने प्रेरक उद्बोधन में केंद्रीय अध्यक्ष दिनेश चंद्राकर ने कहा कि पांचों राजों को आपसी एकता के साथ समाज के विकास हेतु कार्य करना चाहिए। उन्होंने रायपुर महादेव घाट स्थित छात्रावास के नवनिर्माण की आवश्यकता पर बल देते हुए केंद्रीय सभा की बैठकें विभिन्न स्थानों पर आयोजित करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम का संचालन गरिमामय वातावरण में हुआ और समापन पर एकता, संगठन एवं समाज उत्थान के संकल्प के साथ सभी ने सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया।

### संकुल केंद्र बदना में तीन दिवसीय बाल कौशल प्रतिस्पर्धा संपन्न

**हरिभूमि पंडरिया।** संकुल केंद्र बदना में आयोजित तीन दिवसीय बाल कौशल प्रतिस्पर्धा 2025 का भव्य समापन सोमवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य रमेश मरावी, विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत बदना के सरपंच शंकर यादव एवं ग्राम पंचायत बिरहुलडीह की सरपंच श्रीमती बिन्दा पनागर उपस्थित थें। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता ने की, वहीं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर, एसएमसी सदस्य, पालकगण, ग्रामवासी तथा संकुल केंद्र बदना के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और बाल प्रतिभागी बड़ी संख्या में शामिल हुए। समापन अवसर पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए।

### उपमुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग के नवाचारों व शिक्षिका विधि तिवारी की पुस्तक की सराहना



**हरिभूमि कवर्धा।** राज्य उत्सव के दौरान शिक्षा विभाग के स्टॉल में पहुंचे उपमुख्यमंत्री ने विभाग द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न नवाचारों की सराहना की। इस अवसर पर शिक्षिका विधि तिवारी ने अपनी पुस्तक ध्यान विधि बच्चों और वयस्कों के लिए ध्यान के विषय में जानकारी दी। जिसमें शिक्षा में ध्यान, योग और तकनीकी नवाचारों के समन्वय पर प्रकाश डाला गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पुस्तक की उपयोगिता को समझते हुए इसे बच्चों, शिक्षकों और समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायी बताया तथा शिक्षिका विधि तिवारी के पुस्तक लेखन कार्य की प्रशंसा व्यक्त की। उन्होंने विशेष रूप से सुझाव दिया कि इस पुस्तक के माध्यम से जेल विभाग में भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, ताकि वहां के बंदियों को भी ध्यान और आत्मविकास की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तक वितरण की दिशा में विभागीय सहयोग प्रदान किया जाएगा। विधि तिवारी ने उपमुख्यमंत्री के इस प्रोत्साहन को अत्यंत प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि उनके स्नेह और मार्गदर्शन से शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा, योग, ध्यान और तकनीकी नवाचारों को और व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने की दिशा में प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि जैसा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में भारतीय प्राचीन परंपरा और मूल्य आधारित शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है, उसी भावना के अनुरूप यह प्रयास किया जा रहा है कि ध्यान और आत्मविकास की विधियां न केवल विद्यालयों के बच्चों तक बल्कि जेल विभाग के बंदियों तक भी पहुंचे, जिससे उनके विचारों और जीवन दृष्टि में सकारात्मक परिवर्तन आए। विधि तिवारी ने बताया कि उन्होंने इस दिशा में इसे एक संकल्प और प्रोजेक्ट रूप में कार्यान्वित करना प्रारंभ किया है, ताकि जो बच्चे या व्यक्ति भटक गए हैं, वे ध्यान और आत्मचिंतन के माध्यम से जीवन में नई दिशा पा सकें। उनका यह सतत प्रयास निश्चित ही समाज में आंतरिक परिवर्तन और अपराध में कमी की दिशा में प्रेरक भूमिका निभाएगा।



## खबर संक्षेप

### एनएच में सड़क हादसा पिता-पुत्र घायल

**कवर्धा।** जिले से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में बुधवार की सुबह अमलीडीही के पास तेज रफ्तार आयचर वाहन ने सामने से आ रही एक मोटर सायकल को टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में मोटर सायकल सवार लालाराम पिता पूरन मेश्राम निवासी बैरख और मिलाप उर्फ साखू धुर्वे आयु 55 वर्ष, निवासी रानीदहरा बैरख गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि दोनों बोड़ला से घर लौट रहे थे कि यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना में घायल दोनो ग्रामीण पिता पुत्र बताए जा रहे हैं। वहीं सड़क हादसे के बाद घायल होने के बाद भी पुत्र ने स्वयं अपने घायल पिता और अस्पताल पहुंचाया।

# सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण कथा आज से, पहुंचे कवर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



धर्म नगरी कवर्धा के ग्राम घुघरी में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरूवार से प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की श्रीमद् शिवमहापुराण कथा का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। 6 से 10 अक्टूबर तक चलने वाले इस विशाल धार्मिक आयोजन की आयोजकों द्वारा पूरी तैयारियां कर ली गई है। वहीं कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना को देखते हुए जिला व पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा तथा यातायात की विशेष तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस संबंध में पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार कथा स्थल और आसपास के इलाकों में नो-व्हीकल ज़ोन, विशेष पार्किंग स्थल और दुकानों के लिए निर्धारित क्षेत्र तय किए गए हैं, ताकि भीड़ नियंत्रण में रहे और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित हो सके। दूसरी तरफ आयोजकों ने भी अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। वहीं पंडित प्रदीप मिश्रा भी कवर्धा पहुंच चुके हैं।



### श्रद्धालुओं का दो दिन पहले से ही डेरा

यहां बताना लाजिमी होगा कि आयोजन स्थल ग्राम घुघरी में आयोजकों द्वारा प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की श्रीमद् शिवमहापुराण कथा के लिए विशाल डोम का निर्माण किया गया है। जहां दो दिन पहले से ही कवर्धा सहित प्रदेश दूसरे राज्यों के श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। कई श्रद्धालुओं ने तो निर्माणाधीन डोम में ही डेरा डालना शुरू कर दिया है। जिसके चलते आयोजकों को तैयारियों को मूर्त रूप देने में कुछ परेशानियां भी उठानी पड़ रही है। कबीरधाम पुलिस ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित रूट और पार्किंग नियमों का पालन करें, पुलिस के मार्गदर्शन में अनुशासन बनाए रखें और प्रशासन की इस व्यवस्था में सहयोग दें। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी अपील में कहा गया है कि सभी के सहयोग से यह धार्मिक आयोजन शांतिपूर्ण, सुरक्षित और श्रद्धामय वातावरण में संपन्न होगा।




### ट्रैफिक और पार्किंग की सख्त व्यवस्था

कबीरधाम पुलिस द्वारा जारी रूट प्लान के अनुसार बड़े वाहन (ट्रैक्टर, पिकअप आदि) नया कृषि मंडी प्रांगण में पार्क होंगे। वहीं कार और दोपहिया वाहन मिनिमाता चौक से घुघरीखुर्द रोड के रास्ते से ही कथा स्थल तक पहुंच सकेंगे।ग्राम नेवारी से ग्राम मारपा मार्ग पर वाहन या पैदल आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। चरडोंगरी स्कूल परिसर और पालीगुढ़ा क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग, जबकि भोरमदेव कॉलेज के आगे सकरी नदी पुल के पास वीआईपी वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

### नो-व्हीकल जोन और दुकानें केवल निर्धारित स्थानों पर

पुलिस प्रशासन के अनुसार भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के मद्देनजर कथा स्थल के आसपास किसी भी वाहन के प्रवेश पर रोक रहेगी। व्हीआईपी पार्किंग स्थल से कथा स्थल तक, ग्राम कोठार से कथा स्थल तक और पालीगुढ़ा चौक से घुघरीकला रोड तक का इलाका नो-व्हीकल जोन घोषित किया गया है। कथा स्थल के आसपास दुकान, ठेला या अस्थायी स्टॉल लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इनके लिए भंडारा स्थल के पास खाली परिसर, दैहान-बगीचा क्षेत्र, मरघट बगीचा परिसर का क्षेत्र निर्धारित किया गया है। जहां दुकानदारों द्वारा अपनी दुकाने लगाई जा सकती है।

**समस्या:** सीमावर्ती गांवों में हाथियों की धमक से वनांचल में फैली दहशत

# रात के अंधेरे पांच सदस्यी हाथियों का दल जिले की सीमा में दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बीते मंगलवार की देरशाम तक जिले की सीमा से लगे मध्यप्रदेश के सीमावर्ती ग्रामो में चहल कदमी करने वाली जंगली हाथियों पांच सदस्यी दल मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात मौका पाकर कबीरधाम जिले की सीमा में दाखिल हो गया। बताया जाता है कि फेन अभ्यारण्य से होते हुए जंगली हाथियों का दल जिले के भेलकी, बाकी होते हुए विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत वन परिक्षेत्र तरेगांव जंगल में पहुंच गया है। बुधवार को इस हाथी के दल को के ग्राम चेंदरादादर के जंगल में देखा गया। खबर यह भी मिली है कि जिले में दाखिल हुए हाथियों के दल ने ग्राम बाकी में उत्पात मचाते हुए स्थानीय ग्रामीण धरम सिंह पिता जेनू बैगा की बाड़ी उजाड़ दी और फिर आगे बढ़ गया। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती वनांचल क्षेत्रों में हाथियों का आतंक एक बार फिर लौट आया है। बीते रविवार-सोमवार की दरमियानी रात को मध्यप्रदेश के सीमावर्ती ग्राम अमहादादर में पांच हाथियों के झुंड ने भारी उत्पात मचाते हुए दो घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया था और कई केले के पेड़ तबाह कर दिए थे। वहीं मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात मौका पाकर हाथियों का झुंड मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ की सीमा में दाखिल हो गए। इन हाथियों के दल ने जिले की सीमा में दाखिल होने के साथ पूरे इलाके में दहशत फैला दी है। स्थिति ये है कि ग्रामीण रतजगा कर रहे हैं और अपने कच्चे घरों तथा खेतों में लगी फसलों को बचाने की जद्दोजहद कर रहे हैं। लेकिन जंगली हाथी भी मौका पाते ही उत्पात मचाने से नहीं चूक रहे हैं। वहीं वन विभाग हाथियों के जिले में दाखिल होने के बाद स्थिति में नजर रखे हुए है। वन अमले के अनुसार इस दल में चार बड़े हाथी और एक बच्चा शामिल है। यह झुंड संभवतः अपने पुराने रास्ते से कन्हा केसली की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वन विभाग के मुताबिक विभाग की टीम क्षेत्र सतत निगरानी कर रही है। ओर गांवो में मुनादी की गई है। यहां बताना लाजिमी होगा कि पिछले दो महीने पहले भी एक भटका हुआ हाथी यहां पहुंचा था, जिसे ग्रामीणों ने शोर और फटाकों की आवाज से बिना किसी नुकसान के वापस जंगल की ओर भगा दिया था लेकिन इस बार हाथियों की संख्या ज्यादा होने के कारण ग्रामीण ऐसा नहीं कर पाए।



### हाथियों की धमक से ग्रामीणों में दहशत

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के सीमावर्ती ग्रामों में इससे पूर्व भी और प्रायः हर वर्ष ही जंगली हांथियों की चहलकदमी देखी जा रही है। जिसके चलते हांथियों के उत्पात से भी क्षेत्र के ग्रामीण भली भांति बाकिफ है। जंगली हांथी मुख्य रूप से अपने मार्ग में पड़ने वाले खेतों में लगी फसलों और भोजन की तलाश में कच्चे मकानो को नुकसान पहुंचाते हैं। जिसे लेकर ग्रामीणों में इस बार भी खासी दहशत देखी जा रही है और वे रतजगा करने को मजबूर हो रहे हैं।



# स्वच्छता अभियान को ठेंगा बोड़ला एसडीएम ऑफिस के शौचालय में गंदगी का अंबार

- महिला आगंतुकों को झेलनी पड़ रही शर्मिंदगी, व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

एक तरफ शासन-प्रशासन स्वच्छ भारत अभियान और स्वच्छता पखवाड़ा मनाकर साफ-सफाई का संदेश देने में जुटा है, वहीं दूसरी ओर बोड़ला के अनुविभागीय कार्यालय की स्थिति इस अभियान की हकीकत बयां कर रही है। कार्यालय परिसर में स्थित शौचालयों की हालत इतनी दयनीय है कि वहां कदम रखना भी मुश्किल हो गया है। जगह-जगह गंदगी पसरी है, शौचालयों की सफाई महीनों से नहीं हुई लगती है, जिससे बदबू और अस्वच्छ माहौल बना हुआ है। इन हालातों में सबसे शर्मनाक स्थिति तब होती है जब किसी काम से आई महिला आगंतुक को शौचालय उपयोग करने की जरूरत पड़ती है। उन्हें मजबूरन इधर-उधर किनारा तलाशना पड़ता है। यह न केवल असुविधा का विषय है बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और संवेदनहीनता का भी प्रमाण है। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों का कहना है कि कई बार इस समस्या की शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में सवाल उठता है कि जब स्वच्छता को लेकर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, तो आखिर सरकारी कार्यालयों में इसकी असली तस्वीर क्यों नहीं सुधर रही है? बोड़ला एसडीएम ऑफिस की यह स्थिति साफ दर्शाती है कि स्वच्छ भारत मिशन का नारा केवल कागजों तक सीमित है, जमीनी हकीकत अब भी गंदगी में डूबी हुई है।

# रक्से में दो दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

संत श्री बीरेश्वर आश्रम रक्से में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर संत श्री बीरसिंह देव की पुण्य स्मृति दिवस एवं संत सम्मेलन का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव से किया गया। दो दिवसीय इस आध्यात्मिक आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालु, संत-महात्मा एवं ग्रामवासी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8 बजे गुरुपूजा एवं आरती के साथ हुआ। इसके पश्चात भजन, सत्संग एवं प्रवचन के माध्यम से वातावरण भक्तिमय बन गया। मुख्य प्रवचन महर्षि मुक्तानुचर मानस कोकिला गिरिजा देवी शर्मा (कुसुमकसा, बालोद) द्वारा दिए गए। उन्होंने अपने प्रेरणादायी विचारों से श्रद्धालुओं के हृदय को स्पंदित करते हुए कहा कि समस्त चराचर का अस्तित्व मैं आत्मा हूं, मुझ आत्मा से भिन्न कुछ भी नहीं है यही सार्वभौम सिद्धांत का सार है। आयोजन का उद्देश्य समाज में व्याप्त जात-पात, छुआछूत और भेदभाव जैसी कुरीतियों को मिटाकर एकता, समानता और आत्मबोध की भावना को स्थापित करना था। पूरे कार्यक्रम का संचालन अत्यंत अनुशासन और सौहार्द के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुक्तबीर सतसंग समिति रक्से एवं ग्रामवासियों ने तन, मन, धन से सहयोग कर आयोजन को सफल बनाया। समिति के अध्यक्ष घासीराम निषाद, संयोजक भागवत राम साहू, सचिव घनश्याम साहू, मीडिया प्रभारी रामदत्त साहू एवं पिंटू पटेल, सहित अनेक सदस्यगणों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। अंत में सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। संत श्री बीरेश्वर आश्रम रक्से का यह आयोजन समूचे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध हुआ।




### गेगड़ा में एफएलएन मेला का भव्य आयोजन 14 नवम्बर से

**कोलेगांव।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय गेगड़ा में आगामी 14 नवम्बर को बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान मेला 2025 बड़े उत्साह और तैयारी के साथ आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषा, गणित, अंग्रेजी तथा दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाले बुनियादी कौशलों को मजबूत करना है। विद्यालय के प्रधानपाठक धनेश कुमार चतुर्वेदी, सहायक शिक्षक रोशन कुमार ओंटी एवं विरेन्द्र चंद्रवंशी ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान व समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार यह मेला बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ाने, उनकी सृजनात्मक क्षमताओं को निखारने और अभिभावकों को बच्चों की प्रगति से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। मेले में विद्यार्थियों द्वारा गणित, हिंदी व अंग्रेजी के साथ बालवाड़ी के विभिन्न शैक्षणिक अवधारणा से सम्बंधित स्टॉल लगाए जाएंगे जो कि ऑटो मोड पर संचालित होगा। कहने का तात्पर्य यह है कि मेले में स्टॉल लगाने वाले भी बच्चे ही होंगे और सीखने वाले भी बच्चे ही होंगे। मेले की तैयारी में विद्यालय के सभी शिक्षकगण और विद्यार्थी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। इस अवसर पर आसपास के विद्यालयों के शिक्षक, अभिभावक एवं समुदाय के सदस्य भी आमंत्रित किए जा रहे हैं ताकि शिक्षा की गुणवत्ता में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। स्नेह मेला बच्चों को अपने सीखने की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच प्रदान करता है। इससे न केवल विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि शिक्षकों को भी नवीन शिक्षण पद्धतियों के प्रयोग और उनके परिणामों का आकलन करने का अवसर मिलता है। विद्यालय परिवार ने सभी अभिभावकों एवं ग्रामवासियों से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# कल्चुरी कलार महोत्सव को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रतनपुर में 9 नवंबर को कलचुरी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि होंगे। इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ सरकार के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित अन्य कैबिनेट मंत्री उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन को लेकर कबीरधाम जिले के तिलकवार समाज की एक बैठक बुधवार को ग्राम सुकुवापरा में आयोजित की गई थी। बैठक में कल्चुरी कलार समाज की कुल देवी मां महामाया देवी रतनपुर में 9 नवंबर को आयोजित होने वाले कल्चुरी कलार महोत्सव के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में इस महोत्सव में जाकर तिलकवार कलार समाज अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया है। इस महोत्सव के दौरान कलचुरी राजवंश के इतिहास और संस्कृति पर चर्चा होगी, साथ ही समाज के लोगों को एकजुट करने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति से इस महोत्सव को और भी भव्यता मिलेगी। महोत्सव के आयोजन से कलचुरी राजवंश के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति को जानने और समझने का अवसर मिलेगा, साथ ही समाज के लोगों को एकजुट करने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगा। इस बैठक में तिलकवार समाज के संरक्षक कृतलाल तिलकवार, अध्यक्ष अयोध्या तिलकवार, सचिव रूपेंद्र तिलकवार, उपाध्यक्ष ईश्वरी तिलकवार, कोषाध्यक्ष राजेंद्र तिलकवार साथ ही वरिष्ठ तिलकवार कलार समाज के लोग उपस्थित थे।



**कार्यक्रम को लेकर स्कूली बच्चों में दिखा उत्साह, बढ़चढ़कर लिया हिस्सा**

# अशोका विद्यालय में मनाई गई गुरुनानक देवजी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर के प्रतिष्ठित अशोका पब्लिक विद्यालय प्रांगण में गुरु नानक देव जी के 556 वें प्रकाश पर्व का आयोजन बड़ी श्रद्धा, आस्था और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। पूरा विद्यालय परिसर वाहे गुरु जी के जयघोष और भक्ति संगीत से गूंज उठा। दीपों की रौशनी और पुष्पों की सुगंध से वातावरण अनुपम भक्ति रस से ओतप्रोत हो गया। अशोका पब्लिक विद्यालय में प्रथम सिख गुरु श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरु नानक देव जी के उपदेश नाम जपो,किरत करो और वंड छको-की गूंज से वातावरण पवित्र हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी एवं गुरु वाणी के मधुर कीर्तन से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इसके पश्चात छात्रों ने गुरु नानक देव जी के जीवन और उपदेशों पर आधारित भाषण,कविताएँ तथा समूह गीत प्रस्तुत किए। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गुरु नानक देव जी का संदेश-प्रकाश नाटक विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यालय के संचालक पवन देवांगन एवं सारिका देवांगन ने अपने उद्बोधन में बच्चों को अपने सन्देश में कहा कि गुरु नानक देव जी ने मानवता,समानता और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में प्रेम,एकता और सेवा की भावना फैलानी चाहिए। और हमेशा मानव सेवा,समाज सेवा पर विशेष महत्व देना चाहिए यही गुरूजी का महत्वपूर्ण उपदेश एवं जीवन का मूलमंत्र है। कार्यक्रम में सिक्ख समुदाय के छात्र-छात्राएं जिसमे प्रमुख रूप से चंचल कौर बाधवा,हरसहज कौर,जसप्रीत कौर बाधवा, टिकेन्द्र, कौस्तुभ और उनकी समुद्रा हॉउस टीम ने शबद एवं गुरनानक गुरुदेव जी के जीवन पर भाषण प्रस्तुत किए। जिसमे उन्होंने गुरुनानक देव के जीवन पर प्रकाश डाला। पूरा विद्यालय प्रांगण गुरुदेव के जय जयकार से होत-प्रोत हो उठा। जिसमें सभी विद्यार्थियों,शिक्षकों एवं बच्चों ने सहभागिता की।इस प्रकार विद्यालय परिवार ने गुरु नानक जयंती का प्रकाश पर्व पूरी श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाकर समाज मे प्रेम, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया।



# राधेश्याम बने नगर तहसील साहू संघ कवर्धा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार नगर तहसील साहू संघ कवर्धा का तहसील अध्यक्ष का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। नगर तहसील संघ के द्वारा स्थानीय साहू छात्रावास कवर्धा में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. सियाराम साहू कार्यकारी अध्यक्ष अखिल भारतीय तैलिक महासभा, अशोक साहू उपाध्यक्ष अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा, जिला अध्यक्ष पतिराम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष शीतल साहू, डॉ बालाराम साहू पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री, डॉ खेमराज साहू पूर्व प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, मान सिंह साहू पूर्व अध्यक्ष व्यापारी प्रकोष्ठ, भीमराम साहू एवं धर्मराज साहू तहसील अध्यक्ष, लालचंद साहू सचिव, खिलेश्वर साहू अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, कृष्णा साहू महामंत्री युवा प्रकोष्ठ, सनत साहू युवा प्रकोष्ठ, परमेश्वर साहू वकील, विजय साहू जिला संयुक्त सचिव, गोपाल साहू अध्यक्ष सरकारी सेवा समिति, दीनू साहू, टेकराम साहू, भरत साहू मंडल अध्यक्ष,भागीरथी साहू मंदिर समिति अध्यक्ष व जिला के पदाधिकारी की उपस्थिति में निर्वाचन संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से एक ही प्रत्याशी का नाम प्रस्तावित हुआ ,जिसे चुनाव पर्यवेक्षक के द्वारा निर्विरोध तहसील अध्यक्ष राधेश्याम साहू को घोषित किए गए। साथ ही उपाध्यक्ष के लिए जयराम शेरू साहू एवं महिला उपाध्यक्ष के लिए श्रीमती रेखा हरिश साहू, का नाम प्रस्ताव में आया जिन्हें निर्विरोध उपाध्यक्ष घोषित किए गए। तहसील सचिव के लिए पुनः देवा साहू को एवं सह सचिव अनिल साहू, कोषाध्यक्ष लोकनाथ साहू को बनाया गया। नगर तहसील साहू संघ के बैठक में नगर के सभी मंडल अध्यक्ष राजेश साहू भागबली साहू, मंगलू साहू, श्रीराम साहू, तारकेश्वर साहू, खेमराज साहू, बसंत साहू एवं भीमराम साहू, अयोध्या साहू, राम रूप साहू, लटी राम साहू, उमेश साहू, शिव शंकर साहू, दिनेश साहू, ढिलऊ साहू, बीनू राम साहू, जूठेल साहू, ओंकार साहू, संजय साहू, ललित साहू, बीरबल साहू, भरत साहू, रतिराम साहू, रामखेलावन साहू, गोपी साहू, दिलीप साहू, उमेश साहू की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

